दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



जवान का गाना नॉट रमैया वस्त वैया रिलीज ....

23 साल छोटी मॉडल से कर रहे डेट....

वर्ष : 09 | अंक : 265 | लखनऊ, 29 अगस्त, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**



अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**





सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g



सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

## रक्षाबंधन पर माताओं व बहनों को सीएम योगी का तोहफा

### रोडवेज के साथ ही सिटी बसों में निशुल्क होगी यात्रा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की माताओं एवं बहनों को सरकार की ओर से शुभ उपहार भेंट किया है। सीएम ने प्रदेश भर में यूपी रोडवेज और सिटी बसों में 29 अगस्त की रात 12 बजे से लेकर 31 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं की यात्रा निशुल्क करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद निश्चित समयावधि में प्रदेश में कहीं भी जाने के लिए महिलाओं को रोड़वेज टिकट नहीं लेना होगा, जबकि सिटी के अंदर भी सिटी बसों में उनका किराया देय नहीं होगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद परिवहन निगम और नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### विभागों की ओर से निर्देश जारी

परिवहन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है की विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रक्षाबन्धन पर्व के सुअवसर पर परिवहन निगम की समस्त बसों में महिलाओं को दिनांक 29 अगस्त की रात 12:00 बजे से 31 अगस्त की रात्रि 12:00 बजे तक निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने का शासन स्तर पर निर्णय लिया गया है। परिवहन निगम की समस्त बसों में इस दौरान महिलाओं को किराया देय नहीं होगा। इस सुविधा का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को मिले इसके लिए प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वहीं नगरीय परिवहन निदेशालय ने भी निर्देश दिया गया है कि प्रदेश के प्रमुख शहरों (लखनऊ, कानपुर, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, झाँसी, बरेली, गोरखपुर, शाहजहाँपुर, आगरा एवं मथुरा-वृन्दावन) में एसपीवी के माध्यम से संचालित की जा रही नगरीय बसों में रक्षाबन्धन पर्व पर 29.08.2023 की रात्रि 12:00 बजे से 31.08.2023 की रात्रि 12:00 बजे तक महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## यूपी में दुर्घटना में कमी लाने के लिए योगी सरकार का फैसला

### परिवहन निगम के ड्राइवरों को मिलेगी ट्रेनिंग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश की योगी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सीएम योगी के निर्देश पर परिवहन निगम के चालकों के एडवांस प्रशिक्षण से लेकर आम लोगों की रोड पर गतिविधियों को देखते हुए रोडवेज चालकों को और अधिक सावधानी बरतने और अलर्ट रहने को कहा गया है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने और इसमें कमी लाने के लिए सरकार की ओर से केंद्रीकृत साफ्टवेयर के माध्यम से त्वरित समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### अचानक टकराने से होती हैं सर्वाधिक दुघटनाएं

मालूम हो कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कानपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश में होने वाली दुर्घटनाओं की समीक्षा में पाया गया कि 35.15 प्रतिशत दुर्घटनाएं, मोटर साइकिल, साइकिल, पैदल व्यक्ति, जानवर आदि के अचानक आकर टकराने से, 18.63 प्रतिशत दुर्घटनाएं पीछे से टकराने से, 18.41 प्रतिशत दुर्घटनाएं दाहिनें-बाएं मुड़ने, गलत लेन पर चलने, असुरक्षित लेन परिवर्तन, लापरवाहीपूर्वक चलने, खतरनाक ड्राइविंग, अनुचित मोड़, ट्रैफिक सिगनल से, 17.25 प्रतिशत दुर्घटनाएं आमने-सामने टकराने से होती हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शासन का अर्थ सेवा : केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शासन का अर्थ देश की सेवा, अच्छा प्रशासन, गरीबों का कल्याण तथा देश का बेहतर भविष्य तैयार करना है। केन्द्रीय मंत्री ने यहां चद्रायनगुट्टा में सीआरपीएफ द्वारा आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में नवनियुक्त रंगरूटों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सरकार में होने का मतलब सेवा, सुशासन और कमजोर लोगों के कल्याण के लिए काम करना है। उन्होंने कहा, यह अधिकार, शक्ति अथवा नियंत्रण के बार में नहीं है..। चंद्रशेखर ने कहा कि 2014 के पहले भारत में सरकार अथवा शासन के बारे में ऐसा माना जाता था कि ये ठीक से काम नहीं कर पाते है, यह भ्रष्ट है, यह सिर्फ उनके लिए है जिनके कोई सरपरस्त है।

उन्होंने कहा, इसीलिए सरकारी नौकरियों की अवधारणा का एक बेहद भिन्न अर्थ है। आज सरकारी नौकरियां भारत के लोगों को सेवाएं देने के बारे में हैं, युवाओं को सफल बनाना सुनिश्चित कर रही हैं, देश को दुश्मनों से बचा रही हैं। यह सार्वजनिक सेवा और राष्ट्रीय सेवा के बारे में है, न कि अधिकार, नियंत्रण और शोषण के बारे में जैसा कि यह पहले होती थी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री 2014 की शुरूआत से ही देश के युवाओं के लिए नए तथा अधिक अवसर सृजित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में युवाओं के लिए बड़ी संख्या में अवसर पैदा हुए हैं, फिर चाहे वह कृषि, हस्तशिल्प या पारंपरिक क्षेत्र हो या फिर स्टार्टअप और डिजिटल पारिस्थितिकी जैसे नए क्षेत्र।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश के युवा आज समृद्ध, विकसित भारत की नींव रख रहे हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि, आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ वर्षों में यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और ये सब कुछ इस वजह से संभव हो सका क्योंकि प्रधानमंत्री का पूरा ध्यान अधिक निवेश लाने ,विकास और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने साथ ही युवा पीढ़ी के लिए अधिक अवसर पैदा करने पर है। केन्द्रीय मंत्री ने नवनियुक्त कैडर को नियुक्त पत्र बांटे।

**संक्षिप्त समाचार**

### भारत का पहला सूर्य मिशन, आदित्य एल 12 सितंबर को श्रीहरिकोटा से किया जाएगा लॉन्च

**नई दिल्ली,** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार (28 अगस्त) को घोषणा की कि आदित्य-एल1 मिशन, जो सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला बन जाएगा, 2 सितंबर, 2023 को सुबह 11.50 बजे श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को एल1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर कोरोना के दूरस्थ अवलोकन और सौर हवा के इन-सीटू अवलोकन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर है। अंतरिक्ष एजेंसी ने नागरिकों को श्रीहरिकोटा में लॉन्च व्यू गैलरी से लॉन्च देखने के लिए भी आमंत्रित किया। इसरो ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला, आदित्य-एल 1 का प्रक्षेपण 2 सितंबर, 2023 को 11:50 बजे करळ श्रीहरिकोटा से निर्धारित है।

### इसरो के आदित्य-एल1 मिशन के बारे में

इसरो के अनुसार, आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष-आधारित भारतीय मिशन होगा। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर है। छ1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में रखे गए उपग्रह को बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के सूर्य को लगातार देखने का प्रमुख लाभ होता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव को देखने का अधिक लाभ मिलेगा। अंतरिक्ष यान विद्युत चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड ले जाता है।

### ब्रम्हा कुमारियों ने आध्यात्मिक कार्यशाला के माध्यम से मनाया रक्षा बंधन

नोएडा। ब्रम्हा कुमारियों ने आज नोएडा के सेक्टर 99 में सुप्रीम टावर्स के सामुदायिक हॉल में लगभग 200 बीके भाइयों, बहनों, सदस्यों और बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में रक्षा बंधन उत्सव मनाया। सेवानिवृत्त आईएएस, सुप्रीम कोर्ट के वकील, भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी, अनेक वरिष्ठ मीडिया और कॉर्पोरेट प्रोफेशनलस ने इसमें भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन नोएडा सेक्टर 46 के बीके मेडिटेशन सेंटर द्वारा किया गया, जहां बीके बहन येशु, जो एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक और प्रेरक वक्ता, जीवन कौशल प्रशिक्षक और ओम शांति रिट्रीट सेंटर (ओआरसी) गुरुग्राम की फैकल्टी हैं, ने एक आध्यात्मिक कार्यशाला की सभा को संबोधित किया।

## तमिलनाडु में संशोधित हिंदू विवाह कानून के तहत वकील करा सकते हैं आत्मसम्मान विवाह : न्यायालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश में सोमवार को कहा कि तमिलनाडु में संशोधित हिंदू विवाह कानून के तहत वकील परस्पर सहमति से दो वयस्कों के बीच सुयमरियाथाई (आत्मसम्मान) विवाह संपन्न करा सकते हैं। तमिलनाडु सरकार ने 1968 में, सुयमरियाथाई विवाह को वैध बनाने के लिए कानून के प्रावधानों में संशोधन किया था। इसका मकसद विवाह प्रक्रिया को सरल बनाते हुए ब्राह्मण पुजारियों, पवित्र अग्नि और सप्तपदी (सात चरण) की अनिवार्यता को खत्म करना था। यह संशोधन विवाह कराने के लिए ऊंची जाति के पुजारियों और विस्तृत रीति-रिवाजों की आवश्यकता को दूर करने के लिए किया गया था। हालांकि, इन विवाहों को भी कानून के अनुसार पंजीकरण कराने की आवश्यकता थी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द करते हुए यह आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा था कि वकील अपने कार्यालयों में ऐसे विवाह नहीं करा सकते हैं। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया। इसके साथ ही पीठ ने याचिका मंजूर कर ली, लेकिन इसने कहा कि वकील अदालत के अधिकारियों के रूप में पेशेवर क्षमता में काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से दंपती को जानने के आधार पर वे कानून की धारा-7(ए) के तहत विवाह करा सकते हैं। उच्चतम न्यायालय के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। शीर्ष अदालत मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ इलावरसन नामक एक व्यक्ति की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसकी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी गयी थी। इलावरसन की ओर से पेश वकील एथेनम वेलन ने दावा किया कि उन्होंने अपनी पत्नी के साथ सुयमरियाथाई विवाह किया था और उनकी पत्नी अभी अपने अभिभावकों की अवैध अभिरक्षा में है।

## जम्मू-कश्मीर में 13 साल, मणिपुर, यूपी में 10 बार

### आजादी के बाद से अब तक कब-कब लगा राष्ट्रपति शासन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मणिपुर में चल रहे संघर्ष और पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित और आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच खींचतान के बीच, राष्ट्रपति शासन का विषय हालिया राजनीतिक चर्चा में कई बार सामने आया है। मणिपुर में जहां मई की शुरूआत से मेइतेई और कुकी के बीच झड़पों में 150 से अधिक लोगों की जान चली गई है, विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति शासन लगाने का आह्वान किया है। संविधान के अनुच्छेद 356 के अनुसार, संवैधानिक मशीनरी की विफलता के आधार पर या आपातकाल की स्थिति में सीधे केंद्रीय प्रशासन के अधीन। हालाँकि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार सहयोगी रही है।

पंजाब में राज्यपाल ने आप सरकार पर विधानसभा प्रक्रियाओं, आधिकारिक नियुक्तियों, पारित विधेयकों और राज्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग जैसे मामलों पर उनके सवालों का जवाब देने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय शासन लगाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी सिफारिश भेजने की धमकी दी है। पंजाब ने अतीत में राष्ट्रपति शासन के तहत लंबी अवधि का अनुभव किया है, जिसमें 302 दिन भी शामिल हैं जब 1951 में पहली बार इसका इस्तेमाल किया गया था, जब कांग्रेस में अंदरूनी कलह के कारण राज्य सरकार गिर गई थी। राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद, लोकसभा और राज्यसभा दोनों को दो महीने के भीतर साधारण बहुमत से इसकी पुष्टि करनी होती है। संविधान के अनुसार राष्ट्रपति शासन को हर छह महीने में संसद द्वारा नवीनीकृत किया जाना आवश्यक है, और इसे राष्ट्रपति द्वारा किसी भी समय रद्द किया जा सकता है।

## चंद्रयान-3 : रोवर प्रज्ञान चंद्रमा की सतह पर एक गड्ढे के नजदीक पहुंचा, पीछे जाने का निर्देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत भेजा गया रोवर प्रज्ञान चंद्रमा की सतह पर अपनी अवस्थिति के ठीक आगे चार मीटर व्यास के एक गड्ढे के करीब पहुंच गया, जिसके बाद उसे पीछे जाने का निर्देश दिया गया। इसरो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अब सुरक्षित रूप से एक नये मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि 27 अगस्त को रोवर चार मीटर व्यास के एक गड्ढे के नजदीक पहुंच गया, जो इसकी अवस्थिति से तीन मीटर आगे था। इसने कहा, रोवर को पीछे जाने का निर्देश दिया गया। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, यह अब एक नये मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

इसरो ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के साथ लगे चेस्ट उपकरण (पेलोड) द्वारा चंद्र सतह पर मापी गई तापमान भिन्नता का एक ग्राफ रविवार को जारी किया था। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, चंद्र सरफेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट (चेस्ट) ने चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के



लिए, दक्षिणी ध्रुव के आसपास चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी का तापमान प्रालेख मापा। इसरो ने कहा था कि चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए, चेस्ट ने ध्रुव के चारों ओर चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रलेख को मापा। पेलोड में तापमान को मापने का एक यंत्र लगा हुआ है जो सतह के नीचे 10 सेंटीमीटर की गहराई तक पहुंचने में सक्षम है। इसरो ने कहा, इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं।

प्रस्तुत ग्राफ विभिन्न गहराइयों पर चंद्र सतह/करीबी-सतह की तापमान भिन्नता को दशार्ता है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के लिए ये पहले ऐसे प्रालेख हैं। विस्तृत अवलोकन जारी है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं।

प्रस्तुत ग्राफ विभिन्न गहराइयों पर चंद्र सतह/करीबी-सतह की तापमान भिन्नता को दशार्ता है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के लिए ये पहले ऐसे प्रालेख हैं। विस्तृत अवलोकन जारी है। अंतरिक्ष अभियान में बड़ी छलांग लगाते हुए भारत का चंद्र मिशन चंद्रयान-3 बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा, जिससे देश चांद के इस क्षेत्र में उतरने वाला दुनिया का पहला तथा चंद्र सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया।

## पीएम मोदी ने रोजगार मेले में नई भर्तियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (28 अगस्त) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नवनियुक्तों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए और इस अवसर पर उन्हें संबोधित किया। प्रधान मंत्री ने रोजगार मेले के 8वें संस्करण का शुभारंभ किया जो देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। पीएम मोदी ने नए जवानों को उनके शामिल होने पर बधाई दी और चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र किया।

प्रधान मंत्री ने कहा मैं आप सभी को इस अमृत काल में भारत के लोगों के 'अमृत रक्षक' बनने के लिए बधाई देता हूं। इस बार, रोजगार मेला ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है जब देश गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। हमारा चंद्रयान और उसका रोवर प्रज्ञान चंद्रमा से लगातार ऐतिहासिक तस्वीरें भेज रहा है।

उन्होंने कहा मैं आपको गारंटी देता हूं कि भारत इस दशक में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। जब मैं आपको यह गारंटी देता हूं, तो यह बहुत जिम्मेदारी के साथ है। पर्यटन क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देने की संभावना है।

## जी20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली को मिलेंगी 400 ई-बसें

### इन चीजों पर केजरीवाल सरकार का पूरा फोकस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** जी20 शिखर सम्मेलन से पहले 400 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर उतरेंगी, जिनमें से कुछ का उपयोग डीटीसी बेड़े में शामिल होने से पहले कार्यक्रम के लिए भी किया जाएगा। सितंबर के पहले सप्ताह में बसों को हरी झंडी दिखाई जाएगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय राजधानी आने वाले लोग यहां से अच्छी यादें लेकर जाएं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में, दिल्ली स्वच्छ ईंधन शुरू करने में अग्रणी रही है, जिससे न केवल यात्रा सुविधाजनक हुई है, बल्कि प्रदूषण भी काफी हद तक कम हुआ है। ये बसें स्वच्छ ऊर्जा और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं।

### नए वाहन 12-मीटर इलेक्ट्रिक बसें होंगी

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ये सभी नए वाहन 12-मीटर इलेक्ट्रिक बसें होंगी। उन्होंने कहा, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बसों में वास्तविक समय की निगरानी प्रणाली और सीसीटीवी कैमरे होंगे। वे विकलांग लोगों के लिए स्वचालित वायवीय व्हीलचेयर रैंप से भी सुसज्जित होंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि नई बसों में चार्जिंग क्षमता अधिक होगी और एक पूरी तरह चार्ज वाहन दो शिफ्ट में चल सकेगा। दिल्ली में डीटीसी और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड (डीआईएमटीएस) के तहत लगभग 7,500 बसें हैं और साथ ही 400 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें हैं।

### 33 लाख यात्रियों को यात्रा कराती है डीटीसी

नवीनतम जुड़ाव के साथ, ई-बसों की संख्या 800 को पार कर जाएगी। अधिकारी ने कहा, शहर के सभी बस डिपो के विद्युतीकरण के लिए एक व्यापक योजना भी तैयार की जा रही है। पहल के हिस्से के रूप में, कुल 62 बस डिपो का विद्युतीकरण किया जाएगा। डीटीसी बसें औसतन 33 लाख यात्रियों को यात्रा कराती हैं। 4.2 मिलियन लोग प्रतिदिन आवागमन के लिए बसों का उपयोग करते हैं, यह दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन का सबसे लोकप्रिय रूप है। कई बसें पुरानी होने और लगातार खराब होने की खबरों के कारण दिल्ली को बसों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## संसद में हाल ही में पेश तीन विधेयकों से 70 प्रतिशत नकारात्मक ऊर्जा खत्म होगी : शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य कानून को बदलने के लिए संसद में हाल ही में पेश तीन विधेयक यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी मामला दो साल से अधिक नहीं चल सके, इससे 70 प्रतिशत नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार शाह यहां 26वीं पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में राज्यों और केंद्र के बीच कुल 17 मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें से नौ का हल किया गया, वहीं शेष मुद्दों को गहन चर्चा के बाद निगरानी के लिए रखा गया। गृह मंत्री शाह ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा हाल ही में संसद में पेश किए गए तीन नए विधेयक - भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 - पारित होने के बाद कोई भी मामला दो वर्ष से अधिक नहीं चलेगा, जिससे 70 प्रतिशत से अधिक नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी।

उन्होंने सभी राज्यों से इन कानूनों को लागू करने के लिए जरूरी आधारभूत संरचना तैयार करने की दिशा में काम करने को कहा। शाह ने कहा, पश्चिमी क्षेत्र देश का एक महत्वपूर्ण जोन है, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 25 प्रतिशत योगदान के साथ यह क्षेत्र वित्त, आईटी, हीरा, पेट्रोलियम, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्र का प्रमुख केंद्र (हब) है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्य लंबी तटीय सीमाएं साझा करते हैं जहां अतिसंवेदनशील संस्थान और उद्योग हैं और इनकी कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास करने की आवश्यकता है। विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में पूरे देश और विशेष रूप से सदस्य राज्यों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ जिनमें भूमि संबंधी मुद्दों का हस्तांतरण, जलापूर्ति, नीलाम की गई खदानों का संचालन, सामान्य सेवा केंद्र में नकद जमा सुविधा, बैंक शाखाओं एवं डाक द्वारा गांवों में बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराध/बलात्कार के मामलों की त्वरित जांच आदि शामिल हैं।

शाह ने कहा कि क्षेत्रीय परिषदें सदस्यों के बीच उच्चतम स्तर पर व्यक्तिगत बातचीत का अवसर प्रदान करती हैं और सौहार्द एवं सद्भावना के माहौल में कठिन और जटिल प्रकृति के मुद्दों को हल करने के लिए एक उपयोगी मंच के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय परिषदें, चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से, सामाजिक और आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यों के बीच एक समन्वित दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करती हैं। क्षेत्रीय परिषदें राज्यों के सामान्य हित के मुद्दों पर भी चर्चा और सिफारिशें करती हैं। शाह ने कहा कि हाल ही में देश के चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद पूरा विश्व भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की प्रशंसा कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले नौ सालों में दूरदर्शिता के साथ अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को ना केवल नयी दिशा देने का प्रयास किया बल्कि समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर 2030 तक भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में सबसे आगे पहुंचाने की रूपरेखा भी तैयार की है।

## संक्षेप

### किसान की जमीन रजिस्ट्री करा पैसा ना देने वाले ब्रोकर व महिला के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज ।कैंट के नीलमथा निवासी ललित कुमार ने बताया उनकी कृषि योग्य जमीन मोहनलालगंज तहसील के जबरौली गांव में है, ब्रोकर प्रमोद कुमार यादव ने उसकी चार बीघे जमीन 18लाख रुपए प्रति बीघे के हिसाब से तय की, 7जुलाई को महिला केशना निवासी देईटीकर के नाम जमीन की रजिस्ट्री करा दी ओर पैसा रजिस्ट्री के तुरंत बाद खाते में आने की बात कही लेकिन पैसा नही आया, जब ब्रोकर से जमीन खरीदने वाली महिला द्वारा खाते में एक भी पैसा ना भेजने की बात कही तो ब्रोकर ने 5लाख रुपए भेज दिये बाकी तय पैसा नही दिया ।अपने साथ ठगी का अहसास होने पर पीड़ित किसान ने डीसीपी दक्षिणी से शिकायत कर जालसाज ब्रोकर व महिला किसान पर कार्यवाही की मांग की ।जांच के बाद मोहनलालगंज पुलिस ने आरोपी जालसाज व क्रेता महिला के विरूद्ध धोखाधड़ी व जालसाजी की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

### पति ने डंडे से पत्नी को पीटा, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के खुजौली गांव निवासी सुशीला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसका पति सजीवन दूसरी महिला के साथ लखनऊ में रहकर मकान निर्माण का काम करता है ओर अक्सर घर आने पर उसे व बच्चो को प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करता है, 24अगस्त की शाम घर आये पति ने उसकी डंडे से बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया, चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने मौके पर आकर उसे छुड़ाया, जिसके बाद आरोपी पति जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला ।पीड़िता ने बताया आरोपी पति को उसका ज्येठ सुबेदार शह देता है, जिसके चलते वो आये दिन मारपीट करता हैं ।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति व ज्येठ के विरूद्व मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा ? दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने तेलंगाना के नरसापुर में किया विजय का शंखनाद, भव्य रैली में उमड़ा जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेलंगाना की मेडक जिले के नरसापुर में रविवार को अनोखा नजारा देखने को मिला। यूपी की राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में नरसापुर विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया। नरसापुर के साईं कृष्णा फंक्शन हॉल से आरंभ हुई इस भव्य रैली में जनसैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। इस रैली के माध्यम से डॉ. राजेश्वर सिंह ने भाजपा की विजय का शंखनाद किया।

22 किमी से अधिक लंबी रैली की भव्यता देखते ही बन रही थी। कड़ी धूप और भीषण गर्मी में भी ऊर्जामयी कार्यकताओं का जोश बिल्कुल भी कम नहीं हुआ। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, क्या जवान, इस रैली में शामिल हर किसी का उत्साह चरम पर था। भाजपा और पीएम मोदी के जिंदाबाद के नारे लगाती हुई यह रैली जहां जहां से गुजरी, अपनी छाप छोड़ती रही।

भव्य रैली का समापन मंडल हतनूरा के ग्राम पंचायत मधुरा स्थित दत्तात्रेय मंदिर में भगवान दत्तात्रेय के दर्शन-पूजन कर किया गया। यहां डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंदिर में सुविधाओं के प्रसार हेतु अंशदान अर्पित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का उत्साह अप्रतिम है, जनता का अभूतपूर्व समर्थन इस बात का साक्षी है कि इस बार तेलंगाना में कमल खिलना तय है।

एमएलए प्रवास पर तेलंगाना पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह राज्य के मेडक जिले की नरसापुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार कार्यकताओं में उत्साह का संचार कर रहे हैं, साथ ही जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को भी पहुंचा रहे हैं।

प्रेस कांफ्रेंस कर केसीआर को घेरा

रैली से पहले डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रेस वार्ता भी की। इस दौरान उन्होंने केसीआर और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान भी किया। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार की परिवारवाद व तुष्टिकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार ने तेलंगाना के विकास को रिवर्स गियर में डाल दिया है। उनका जनता या राज्य की प्रगति से कोई सरोकार नहीं है।

केसीआर ने नौजवानों के विश्वास से छल किया, राज्य लोकसेवा आयोग के पर्चे लीक हुए, मेडिकल सीट आवंटन में घोटाला हुआ। हर खेत तक पानी पहुचांने के नाम पर अन्नदाताओं के साथ धोखा हुआ, धान की खरीद में घोटाला हुआ, किसानों को केंद्र सरकार की फसल बीमा से भी वंचित रखा गया। बीआरएस सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, हैदराबाद साइबर सिटी है लेकिन देश का 1/5इँ साइबर क्राइम यहीं हो रहे हैं। भारत में 52 हजार साइबर क्राइम होते है, इसमें से 12 हजार तेलंगाना में ही हो रहे हैं। महिलाओं-बच्चों-वृद्धों के विरुद्ध अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं। महिलाओं के विरुद्ध अपराध 17 हजार से बढ़कर 20 हजार तो बच्चों के विरुद्ध प्रतिदिन 17 क्राइम हो रहे हैं।

केसीआर सरकार और कांग्रेस पार्टी को एक ही सिक्के के दो पहलु बताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि दोनों की पार्टियां जो परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार से लिप्त हैं, तेलंगाना की जनता ने इनकी असली नीयत को भाप लिया है, इससे इतर भाजपा की विकास और सुशासन की नीतियों को पहचान लिया है और अबकी बार तेलंगाना में भाजपा सरकार चुनने का मन बना लिया है।

पीमए मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने तेलंगाना में 2500 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करवाया, 1.95 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन का लाभ दिया, 40 लाख किसान भाइयों को सम्मान निधि प्रदान की। इस दौरान नगर अध्यक्ष मुरली यादव, विधानसभा संयोजक वी. मल्लेश गौड़, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश गौड़, मंडल अध्यक्ष रवि गौड़, रघुवीर रेड्डी सहित मंडल के सभी नेता, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र के प्रभारी, भाजपा के विभिन्न मोर्चा के प्रभारी, बूथ अध्यक्ष सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता के साथ बड़ी संख्या में जनता भी उपस्थित रही।

## सिसेण्डी में तेज बुखार का कहर जारी, एक परिवार के कई सदस्य चपेट में

**सीएचसी अधीक्षक के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बुखार पीड़ित मरीजो की जांच कर बांटी दवायें**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के सिसेण्डी में तेज बुखार का कहर जारी है, एक दर्जन से अधिक लोग बुखार की चपेट में है, निजी पैथालांजी में आधा दर्जन मरीजो द्वारा करायी गयी जांच में डेंगू की पुष्टि हुयी है ।सीएचसी अधीक्षक ने डेंगू ना फैलने की बात कहते हुये नार्मल बुखार के मरीज मिलने की बात कही है ।सोमवार को एक परिवार के कई सदस्यो के तेज बुखार की चपेट में आने की सूचना पर मोहनलालगंज सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार के नेतृत्व में डाक्टर व स्वास्थकर्मियो की टीम ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार के सदस्यो की ब्लड जांच कर दवाये बांटी ।सीएचसी अधीक्षक डाक्टर अशोक कुमार ने बताया सिसेण्डी मे लोगो के बुखार की चपेट मे आने की सूचना पर टीम के साथ गाँव पहुंचकर बीमार लोगो की डेंगू की कार्ड जांच की गई है, लेकिन डेंगू की पुष्टि नही, बुखार से पीड़ित सरविन्द कनौजिया, सुशीला देवी व अनुष्का समेत गाँव के अन्य लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाये वितरित की गयी है बुखार के बढते प्रकोप को देखते हुए गाँव मे प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच कर दवाये वितरित की जायेगी। मोहनलालगंज सीएचसी में की ओपीडी में भी इस समय तेज बुखार के साथ जुकाम समेत शरीर दर्द के मरीजो की संख्या बढी है, जिसके बाद भी क्षेत्र के गांवो में निगरानी के कोई प्रबंध नही किये गयें ।ग्रामीणों ने बताया बुखार के मरीब बढने के बाद भी सिसेंडी में साफ-सफाई की व्यवस्था बिल्कुल चौपट है ओर गलिया कुड़े से पटी पड़ी है, एसडीएम के आदेश के बाद भी जिम्मेदार लापरवाह बने हुये हैं ।जिसको लेकर ग्रामीणो में रोष व्याप्त है।

# कीर्ति को न्याय दिलाने से पहले उठाई सदन तक आवाज, अब पेश की मानवता की नई मिशाल

**कीर्ति द्विवेदी के परिजनों से मिले डॉ. राजेश्वर सिंह, की आर्थिक सहायता, दिया हर संभव सहायता का आश्वासन**

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने कीर्ति द्विवेदी को दी श्रद्धांजलि, उठाया भाई की पढ़ाई का खर्च, पिता को लखनऊ में कार्य दिलाने का दिया आश्वासन**



अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ।सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जनता के हर सुख-दुख में उनके साथ रहते हैं। विधायक राजेश्वर सिंह ने मानवता की अब एक ऐसी मिशाल पेश की है जो सच में वन्दनीय है, दरहसल विगत दिनों फर्म EESL की लापरवाही के कारण कृष्णा लोक कॉलोनी निवासी 11वीं कक्षा की छात्रा कीर्ति द्विवेदी की फिनिक्स शापिंग मॉल के निकट विद्युत स्पर्शाघात के कारण मृत्यु हो गई थी, जंक्शन बॉक्स से स्ट्रीट लाईट के कन्डक्टर तक केबिल का रख-रखाव फर्म EESL द्वारा किया जाता है। धटना उपरांत कीर्ति को न्याय दिलाने के लिए विधायक राजेश्वर सिंह ने न केवल सदन तक आवाज उठाई बल्कि उसके परिवार को हर संभव मदद भी पहुंचाई।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोमवार को कीर्ति के आवास पहुंच उसके परिजनों से भेंट कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की साथ ही परिवार को 50 हजार रुपयों की आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

विधायक राजेश्वर सिंह ने इस दौरान चौथी कक्षा में पढ़ने वाले कीर्ति के छोटे भाई की इस साल की शिक्षा का पूरा व्यय तथा भविष्य की शिक्षा के लिए हर सम्भव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।, साथ ही सूरत, गुजरात में कार्यरत कीर्ति के पिता विनीत द्विवेदी को उनकी इच्छा के अनुरूप लखनऊ में ही कार्य दिलवाने का आश्वासन दिया जिससे की वह अपने परिवार के साथ रह कर उनकी अच्छे से देख-रेख व भरण- पोषण कर सकें।

### डॉ. राजेश्वर सिंह ने बेटी को दिलाया न्याय

5 अगस्त 2023 को कीर्ति द्विवेदी जब कोचिंग से अपने घर लौट रही थी, तभी फिनिक्स मॉल के निकट खुले तार में उतरे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। इस घटना से डॉ. राजेश्वर सिंह अत्यंत दुखी हुए। बेटी के निधन से दुखी परिवार के साथ डॉ. राजेश्वर सिंह हर क्षण खड़े रहे, उन्होंने बेटी को न्याय दिलाने की ठानी और लापरवाहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए सदन में भी आवाज उठाई। विधायक राजेश्वर सिंह ने प्रकरण को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने के साथ नियम-51 के अंतर्गत उक्त विषय को विधानसभा में उठाया। साथ ही पत्र लिख ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से जांच करवाकर लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग थी।

डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों के कारण ही इस मामले में लापरवाहों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई और परिजनों को त्वरित राहत के लिए 6 लाख की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई थी। डॉ. राजेश्वर सिंह जनता के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं। बेटी कीर्ति को न्याय दिलाने के उनके प्रयासों से जनता के प्रति उनका विश्वास और अधिक बढ़ गया है। जहां ऐसा जनप्रतिनिधि हो वहां जनता के साथ अन्याय नहीं हो सकता है।

## रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की टूरिस्ट कोच पर आग की घटना के मामले में घायलों के साथ मृतको के शवों को लाया गया लखनऊ

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ।लखनऊ से चेन्नई जा रही साप्ताहिक ट्रेन के टूरिस्ट कोच में शनिवार की सुबह तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर आग लग गई।इस हादसे में नौ यात्रियों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।इस हदासे के घायलों के साथ ही मृतको के शवों को विमान से राजधानी के अमौसी एयरपोर्ट लाया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगावार तथा सीतापुर के दो विधायक भी मौजूद रहे। राज्य सरकार द्वारा घायलों व मृतको के शवों को उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की थी।

टूरिस्ट स्पेशल कोच को 17 अगस्त को लखनऊ से रवाना किया गया था।कोच में 72 में से 61 लोगों के लिए सीतापुर की भसीन टूर एंड ट्रैवेल्स ने टिकट बुक कराए थे। बाकी यात्री लखनऊ और आसपास के स्टेशनों से सवार हुए थे। ये सभी रामेश्वरम की यात्रा पर गए थे।रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, इस कोच को नागरक्वायल जंक्शन पर 25 अगस्त को ट्रेन संख्या 16730 (मदुरै-पुनालुर एक्सप्रेस) में जोड़ा गया था।शनिवार तड़के 0347 बजे ट्रेन के मदुरै स्टेशन पहुंचने पर कोच को अलग कर दूसरी लाइन पर खड़ा कर दिया गया। इस दौरान कुछ लोग ट्रेन में अवैध रूप से ले जाए गए एलपीजी गैस सिलेंडर और चूल्हे से चाय-नाश्ता बनाने लगे तभी सिलेंडर फट जाने से कोच में आग लग गई।इस कोच को ट्रेन संख्या 16824 से रविवार को चेन्नई जाना था और 28 अगस्त को लखनऊ वापस आना था।

### इन मृतको के शव लखनऊ पहुंचे

इस हादसे मे अपनी जान गवाने वाले नौ यात्रियों के शवों के साथ ही कोच हादसे में जिंदा बचे 14 यात्री भी राजधानी के चौधरी चरण सिंह अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट लाया गया। मृतको में मृतकों में हरदोई के परमेश्वर कुमार गुप्ता (55), सीतापुर के शत्रु दमन सिंह (65), अंकुल कश्यप (36), दीपक कश्यप (20), हरीश कुमार भसीन (60), मिथिलेश कुमारी (62), लखीमपुर-खीरी की शांति देवी वर्मा (57) और लखनऊ की हिमानी बंसल (22) व मनोरमा अग्रवाल (82) शामिल हैं।

### पीड़ितों को हर संभव मदद कर रही सरकार

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार इस हादसे के पीड़ितों के साथ खड़ी है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घायलों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए गाड़ियों के साथ ही शवों को एम्बूलेंस के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने मृतक आश्रितों के लिए 10-10 लाख और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने मृतक आश्रितों को तीन-तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## भाजपा नेता के यहां तेहरवी मे पहुँचे कई दिग्गज नेता

अमन लेखनी समाचार



बन्थरा ।केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव शंकर सिंह शंकरी की दिवगंत माता मालती सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी सरोजनीनगर के बनी गांव में कानपुर रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेता की मां को श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख लोगों में सांसद साक्षी महाराज, सांसद जयप्रकाश रावत, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ,पूर्व सांसद अन्नू टण्डन, पूर्व सांसद रीना चौधरी, पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान, पूर्व मंत्री ओपी सिंह, पूर्व राज्य मंत्री इंसराम अली ,पूर्व विधायक इरशाद खान, पूर्व विधायक उदय राज यादव, पूर्व विधायक शेर बहादुर सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, पूर्व एमएलसी प्रदीप सिह , पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, पूर्व डीजी विजिलेंस भानु प्रताप सिंह, ओएसडी मुख्यमंत्री मृत्युंजय कुमार, पूर्व चीफ कंजीवेटर फॉरेस्ट ओपी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ,पूर्व मंत्री जावेद इकबाल ,पूर्व एमएलसी कांति सिंह , महापौर सुषमा खर्कवाल , बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता राज कुमार सिंह चौहान, मनोज सिंह चौहान, चेयरमैन नगर पंचायत बीकेटी गणेश रावत, चेयरमैन नगर पंचायत बंथरा रामावती, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजबाला रावत ,अध्यक्ष ब्राह्मण परिवार शिव शंकर अवस्थी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार ,जिपंस, पार्षद, क्षेपंस व ग्राम प्रधानों सहित अलावा हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने डीडीसी उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिये बैठक, बनाई रणनीति

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज क्षेत्र के वार्ड-18 के डीडीसी उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत की जीत के केन्द्रीय राज्यमंत्री ने जिलाध्यक्ष व विधायक की मौजूदगी में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ बैठक**



मोहनलालगंज ।केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी व विधायक अमरेश रावत की मौजूदगी में मोहनलालगंज के ब्लू आर्चिड रिसार्ट में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर संसदीय क्षेत्र के मोहनलालगंज के अन्तर्गत आने वाली जिला पंचायत के वार्ड न०18 के उपचुनाव में सदस्य पद पर भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत को भारी मतो से जिताने के लिये बैठक कर रणनीति बनाई ।केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने संबोधित करते हुये केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के फायदे गिनाए एवं वॉर्ड नंबर 18 से जिला पंचायत उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संगीता रावत जी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपना अपना बूथ भारी अंतर से जिताने की अपील की ।उन्होने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना है इसके लिए सभी को अपने अपने गांव को विकसित और आत्मनिर्भर गांव बनाना है इसलिए जिला पंचायत सदस्य भी अपना भाजपा का बनाना है, कौशल किशोर ने कहा कि सभी को मिलकर मेहनत करना है और घर घर जाकर लोगों को भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करना है, आगामी 6 सितंबर को भाजपा समर्थित प्रत्याशी संगीता रावत जी के चुनाव चिन्ह कप प्लेट पर वोट दिलाना है ।जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी ने भाजपा प्रत्याशी को भारी मतो से जिताने के लिये बैठक में मौजूद कार्यकर्ता को घर घर जाकर प्रचार करने की अपील की ।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष व चुनाव संयोजक मनोज प्रजापति, केन्द्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि व चुनाव सह संयोजक प्रवीण अवस्थी जी, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडे, मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिहं, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू, भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत, प्रधान ललित शुक्ला जी, प्रधान अभय दीक्षित समेत सभी मोर्चो के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ समेत प्रधान व बीडीसी मौजूद रहें।

## इंसान को इतना सरल होना चाहिए की जनता खुद बखुद सम्मान करे - स्वतंत्रदेव सिंह

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।प्रदेश सरकार के शक्तिशाली नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह अपने आवास पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं को समझते हुए कहा की हर कार्यकर्ता को इतना सरल बनना चाहिए की आम जनता भी उसका सम्मान करे ।कार्यकर्ता हमेशा दूसरों की मदद के लिए हर पल खड़े रहे ।हमारी हमेशा कोशिश रहती है की कार्यकर्ता अपने पैरो पर खड़ा होकर आत्म सम्मान से जिए। कार्यकर्ता मजबूत हो मेरे लायक जितना हो सकेगा करने के लिए तैयार हूं। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओ की भीड़ देखने से लगता है की आज भी जनता के बीच कितने लोकप्रिय है ।सरल स्वभाव के धनी जन प्रिय नेता स्वतंत्रदेव सिंह बारी बारी सभी आगंतुक से उनकी समस्या सुनकर त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी से बात करके सम्मानजनक हल निकाल कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया ।इस अवसर पर प्रदीप कुमार निषाद उर्फ हेलीकाप्टर बाबा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुहब्बत के पैगाम को समाज के हर वर्ग तक ले जाने की जरूरत है- मौलाना असगर अली

**जुल्म के खिलाफ असल ताकत हमारी एकता है – सय्यद सआदतुल्लाह हुसैनी**

**विभिन संगठनों द्वारा गाँधी भवन में अम्न व इन्साफ कांफ्रेंस का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ, हमारा देश लम्बे समय तक अंग्रेजों की नापाक राजनीति के कारण गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, लेकिन जब यहां की शांतिप्रिय जनता जागी और मानवतावादी समूहों ने देश की आजादी के लिए अपने प्रयास तेज किये, तो काफी मशक्कत के बाद अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा। देश की आजादी में सभी धर्मों और समूहों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे देश की आजादी संभव हो सकी। आज एक बार फिर हमारा समाज नफरत की जंजीरों में जकड़ गया है। समाज के हर वर्ग में नफरत का जहर फैलाने की कोशिश की जा रही है. ऐसे में देश के विभिन्न सामाजिक संगठनों और मानवतावादी समूहों द्वारा शांति और न्याय के लिए चलाया गया अमन व इन्साफ अभियान समय की सख्त जरूरत है। यह विचार गांधी भवन में विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित अमन व इन्साफ कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए मौलाना असगर अली इमाम मेहदी सलाफी ने व्यक्त किये।

सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी, अमीर जमाअते इस्लामी हिन्द, ने कहा कि हमारा इत्तेहाद, हमारा अज्म ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि इन हालात से हम बिल्कुल मायूसी के शिकार न हों, हालात से न डरें। जालिम और उसकी बुनियादें बहुत कमजोर होती हैं। इन हालात में हम अपने उसूलों पर, अपने दीन और ईमान पर डटे और जमे रहें। इस्तेकामत का दामन न छोड़ें। इन्साफ के लिए उठ खड़े होना ये हमारी दीनी जिम्मेदारी है। अमन व इन्स्सफ के इस आन्दोलन को गली गली कूचाकूचा लेकर जायें और पूरे मुल्क में अमन व इन्साफ की मुहिम को छेड़ें। ये भी हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस मुल्क को एक मिसीली मुल्क बनायें।

जमीयत उलेमा हिंद के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने कहा कि हमारा देश जिन हालातों से गुजर रहा है, तरह-तरह की बीमारियों से जूझ रहा है, उसका इलाज करने के लिए हम यहां इकट्ठा हुए हैं और इसका इलाज सिर्फ मुहब्बत के पैगाम से ही संभव है. लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए नफरत इतनी फैला दी है कि अब स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उठें और प्यार व मुहब्बत से से इन परिस्थितियों का मुकाबला करें।

कांफ्रेंस के समापन से पहले जमात-ए-इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश पूर्वी के अध्यक्ष डॉ. मलिक फैसल ने कांफ्रेंस का प्रस्ताव पढ़ा जिसे सभी वक्ताओं और उपस्थित लोगों ने अनुमोदित किया।

इसके अलावा कांफ्रेंस से मौलाना मुहम्मद ताहिर मदनी डायरेक्टर जामिअतुल -फलाह, हरीश चंद्र सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी, मौलाना अमीनुल हक ओसामा कासमी प्रदेश उपाध्यक्ष जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश, उदय प्रताप सेवानिवृत्त डीआइजी, प्रशांत टंडन वरिष्ठ पत्रकार, मौलाना जहांगीर आलम कासमी, मौलाना सैफ अब्बास नकवी अध्यक्ष मरकजी शिया चाँद कमिटी, मौलाना शमशाद नायब अमीर अमारत ए शरिया बिहार, मलिक मोतसिम खान उपाध्यक्ष जमात-ए-इस्लामी हिंद, डॉ. यासीन अली उस्मानी ऑल उपाध्यक्ष इंडिया मिल्ली कौंसिल, संदीप पांडे मैग्सेसे पुरस्कार विजेता, मुजतबा फारुक खान शूरा सदस्य जमात-ए-इस्लामी हिंद आदि ने भी संबोधित किया।

## संक्षेप

### लड़की साथ में ले जाने के मांगे पांच लाख दर्ज हुआ मुकदमा

पुरवा, उन्नाव।कोतवालीक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम जडेजा निवासी राम शंकर पुत्र दुलारे के मुताबिक बीते 23 अगस्त को उसका बेटा धर्मेंद्र लोध ग्राम मंझखोरिया के अर्जुन रैदास की बेटी को लेकर चला गया था ।जिसे 24 अगस्त को वापस उसके घर छोड़ने गया था ।जहां उसके माता-पिता ने बेटे से लड़की ले जाने के बदले में कुल 5 लाख रुपये की मांग करने लगे ।और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भय दिखाते हुए मारा पीटा ।जिसका वीडिओ उसके पास है ।मामले की जानकारी बाद मौके पर जाकर बेटे को एम्बुलेंस से ईलाज को स्थानीय सीएचसी लाया ।हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित की तहरीर बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है ।कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिली है ।मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

पुरवा, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के बगत खेड़ा निवासी अशोक पुत्र हरी राम 38वर्षीय ने दस बजे सुबह जहर खा लिया जिसमे उसे आनन फानन एम्बुलेंस की मदद से सी एच सी बिछिया ले जाया गया, जहाँ डाक्टरो ने उसे जिला अस्पताल रीफर कर दिया गया जहाँ उसे डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया जिसमे मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक तालाब में मछली पालन में नौकरी करता था कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया की शव का पंचायत नामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया गया है

### ग्रामीणों ने मंदिर से राधा व सीता की अष्टधातु की मूर्ति चोरी हो जाने पर दिया एस पी को शिकायती पत्र

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारीपुर गांव निवासी संजय त्रिपाठी पुत्र रामओतार त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पुश्तैनी मन्दिर से राधा व सीता की अष्टधातु की मूर्ति अर्शा लगभग दो माह पुर्व चोरी हो गई थी और चोरों द्वारा मूर्ति उठाकर ले गए थे इसकी लिखित सूचना थाना पुरवा में दी गई लेकिन आज तक पुलिस द्वारा चोरी की गई मूर्तियों का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है गांव के सभी लोगों द्वारा इस तरह की घटनाओं से बहुत ही भयभीत हैं व परेशान हैं जब मंदिर की मूर्तियां चोरी हो सकती हैं तो हम लोगों के घरों में भी चोरियां हो सकती हैं ऐसी घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएं की मूर्ति चोरी का खुलासा जल्द से जल्द किया जाए सोमवार को ग्रामीणों में बृजेश रमेश वी शशिकांत आदि ने कप्तान को शिकायती पत्र सौपकर मूर्ति चोरी की घटना की शीघ्र खुलासे की मांग की पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# 1008 पार्थिव शिव लिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक व सहस्त्रारचं

## महाभण्डारे के साथ बंटा कुबेर का खजाना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। श्रीधाम गोकुल बाबा में चल रहे तेरह दिसवसीय शिव महापुराण, मां अन्नपूर्णा महायज्ञ, 1008 पार्थिव शिव लिंगों के सामूहिक रुद्राभिषेक का विश्राम महा भंडारे के साथ हुआ। शैवाचार्य प्रशांत प्रभुदास जी महाराज ने वाराणसी से पधारे आचार्य मंडल के साथ सस्वर मंत्रोच्चारण के बीच साढ़े पांच घंटे भगवान शिव का पूजन, 1008 पार्थिव शिव लिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक, सहस्त्रारचं कराया।इस महा अनुष्ठान में हजारों की संख्या में कई जिलों के श्रद्धालु सपरिवार शामिल हुए। रुद्राभिषेक का कूपन लेने वाले श्रद्धालुओं के बीच लकी ड्रा के माध्यम से लाखों के उपहार बांटे गए। महा आरती के बाद महाराजश्री ने व्यास पीठ से उपस्थित सभी को कुबेर भगवान का सिद्ध किया हुआ खजाना वितरित किया।उसके बाद महा भंडारा देर रात तक चलता रहा।संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर ने अगले वर्ष के अनुष्ठान में अपने योगदान का मंच से संकल्प लेने वाले सहयोगियों का परिचय देते हुए उनका सम्मान कराया और बताया कि आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान की सदस्यता लेकर आगामी अनुष्ठानों में कोई भी व्यक्ति सहभगिता कर सकता है। यजमानों आयोजन पदाधिकारियों और सहयोगियों का प्रतीक चिंह, अंग वस्त्र और मोती माला से सम्मान किया गया। मुख्य यजमानों देवी प्रसाद साहू, हरिप्रसाद साहू, संतोष साहू, संतोष तिवारी, ललिता तिवारी, अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी एडवोकेट, संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर, संजय पांडेय, जीतेन्द्र सिंह, नीलम त्रिपाठी, ललित मिश्रा, अभिषेक शुक्ल, राज कुमार त्रिवेदी, विनय गुप्ता, जगमोहन चंदेल, कल्लू सोनी, राहुल कश्यप, लक्ष्य निगम, उर्मिला दीक्षित, संकठा प्रसाद पाण्डेय, शोभा पाण्डेय, कार्तिकेय द्विवेदी, चंद्र प्रकाश साहू, अरविंद साहू, वीरेंद्र सिंह, रवि प्रकाश सिंह, धीरज सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, विक्रम सिंह, शिवम मिश्रा, रिन्कू सेंगर, अमित अवस्थी, राजू सिंह, रोहित अवस्थी, वंदना सिंह, सरिता सिंह संपादक अनाम पांडेय सहित गोकुल बाबा समिति के पदाधिकारियों आदि ने किया।

# सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधि कर रहे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।जिले के सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री व खाद्यान्न बाटा। सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज सोमवार सुबह करीब 10:00 बजे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गिरजा नगर पहुंचे वहां पर उन्होंने बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया तथा बाढ़ प्रभावित लोग रघुनाथ पुत्र विनय निवासी सहिबीखेडा, सोनेलाल पुत्र रघुनाथ,सियाराम पुत्र शिवगुलाम, राजदुलारी पुत्र शिवप्रसाद, रजोल पुत्र बिंदाप्रसाद सहित करीब 55 लाभार्थियों को खाद्य सामग्री भी बाटी। इसके उपरांत सांसद कर्मीगढेवा गए जहां पर नाव में बैठकर गंगा की कटान में बहे कर्मीगढेवा पुल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत लोगो की समस्याओं को सुन उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी से आवागमन हेतु वैकल्पिक हल निकालने को कहा। जयराजमऊ पहुँच पसनियाखेडा,धरमपुर आदि में बने कैंपो का निरीक्षण कर गंगा बाढ़ में डूबे रामनरेश व आर्दश के परिवारजनों को दैवीय आपदा प्रमाण पत्र भी दिया। इस अवसर पर सांसद का कार्यभार देख रहे अमितेश सिंह'नंदू', अपरजिलाधिकारी न्यायिक विनोद कुमार,उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी,नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला,क्षेत्राधिकारी मायराय ,लेखपाल जयबहादुर ,प्रधान प्रतिनिधि बैजनाथ के अतिरिक्त सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे। पूर्व सांसद अन्नू टंडन भी राहत एवं पुनर्वास कमेटी की तरफ से बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बाट रही।जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के पुत्र भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह भी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे है।विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ला के द्वारा लगातार भ्रमणकर बाढ़ की स्थिति पर नजर रख राहत सामग्री बाटी जा रही है।

# सावन के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों में रही भक्तो की भीड़



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।स्थानीय क्षेत्र के सावन मास के अन्तिम सोमवार को क्षेत्र के शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। क्षेत्र से बड़ी संख्या मे शिव भक्त प्रसिद्ध सुनासीर नाथ मन्दिर मल्लावा हरदोई तथा खेरेश्वर मंदिर शिवराजपुर भी दर्शन के लिए गए। इसके साथ ही कस्बा स्थित आनंदेश्वर मन्दिर, गौरीशंकर मन्दिर, मंगलेश्वर मन्दिर, रामेश्वर मन्दिर तथा ऊगू के नीलकंठ महादेव मन्दिर तथा रामेश्वर महादेव मंदिर आदि मे पहुंचकर पूजा अर्चना की। कस्बा फतेहपुर चौरासी के शीतला देवी मन्दिर के पास आनंदेश्वर मन्दिर में मुकुंद मिश्रा, आदि ने विशाल भंडारे का आयोजन कराया जिसमें नगर तथा गावों से बडी संख्या मेंआये भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सैन्य सम्मान के साथ मिश्रा कॉलोनी घाट पर हुआ एयरपोर्ट कर्मी का अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के सिविल लाइन कब्बा खेड़ा निवासी एयरफोर्स कर्मी की शनिवार दोपहर ड्यूटी के दौरान गिरकर निधन हो गया था। सोमवार को दिवंगत का पार्थिव शरीर नगर के मिश्रा कॉलोनी शमशान घाट लाया गया।जहां गॉड ऑफ ऑनर के बीच परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।इस दौरान लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन के कब्बा खेड़ा निवासी दीपक तिवारी के 33 वर्षीय बेटा आदर्श उर्फ गोलू की राजस्थान बाड़मेर के चौहटन बॉर्डर पर ऑन ड्यूटी गिरने से मौत हो गई थी। सूचना के बाद पारिवारिक जन राजस्थान के लिए रवाना हुए। परिजनों के पहुँचने के बाद एयरफोर्स के अधिकारियों ने उसका पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव लेकर उन्नाव स्तिथ घर पहुँचे। जंहा लोगों का हुजूम उमड़ गया। आज सोमवार को कानपुर एयरफोर्स के अफसर एस एन कुमार दिवंगत जवान का पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार की तैयारी करवाई। जहां शव देख परिजनों में कोहराम मच गया।जिसके बाद परिजन लेकर मिश्रा कॉलोनी शमशान घाट पहुंचे। जहां लोगों की पहुंच गई और दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि दी इस दौरान सैन्य जवानों के बीच दिवंगत जवान का शव तिरंगे में लिपटा स्वर्गधाम में ले जाया गया। जहां जवानों ने अपने दिवंगत साथी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी भी शहीद के घर पहुँचे। वह भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

### सड़क हादसे में दो साल पहले बड़े भाई की हो गई थी मौत-

मृतक आदर्श के बड़े भाई आकाश तिवारी की करीब दो साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिजन बड़े बेटे का गम अभी भूल भी न पाए थे। छोटा बेटा आदर्श भी हमेशा के लिए साथ छोड़ गया। हंसी खुशी वाले परिवार में दो साल में गमों के बादल छा गए। जो भी सुनता उसकी आंखों में आंसू आ जाते।मृतक आदर्श की एक साल की बेटी भी है।

# गंगा की बाढ़ से ग्रामीण परेशान दूसरी तरफ ग्राम प्रधान ने सामुदायिक शौचालय का नहीं खुलवाया ताला

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।थाना अचलगंज के अंतर्गत छडौवा खेड़ा गंगा का जल स्तर बढ़ने से गांव में हो गई परेशानी शासन प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिल पाई उधर ग्राम प्रधान राम सिंह यादव की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है गांव वालों का कहना है कि यहां पर रास्ता एवं नाली कभी नहीं साफ की जाती ना ही रास्ता सही है नाही नाली गांव के अंदर पानी तीन फीट के आसपास गंगा का पानी बड़ चुका है गांव वालों को खाने-पीने की सुविधा नहीं पहुंच पा रही शासन प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिल पा रही है गांव वालों का कहना है की शौचालय जाने के लिए भी कोई सुविधा नहीं है इधर-उधर करना पड़ता है जबकि सरकारी शौचालय बना हुआ है उसमें ताला डाल दिया गया गांव वालों का कहना है कि प्रधान राम सिंह द्वारा ताला डाला गया है पर गांव वालों की सुनवाई नहीं हो पा रही एक तरफ गंगा का जलस्तर बढ़ने की समस्या दूसरी तरफ शौचालय में ताला डालने से और भी समस्या बढ़ी हुई लोग ग्रामीण शौचालय कहां को जाएं जब से शौचालय बनवाया गया तब से ताला पड़ा हुआ है अगर शौचालय खुला होता तो गंगा का जल स्तर बढ़ने से शौचालय की जो दिक्कत आ गई है तो लोग इस शौचालय में बैठकर शौचालय कर लेते मगर दबंग ग्राम प्रधान होने के कारण किसी की नहीं मानते अपने मन की करते ना ही सफाई कर्मचारी उस पर ध्यान दिए गए हैं और ना ही गांव के प्रधान देखना यह है शासन प्रशासन क्या कार्रवाई करता है

# बाढ़ को लेकर राज्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रोद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग उ0प्र0 अजीत पाल सिंह द्वारा विधायक सदर पंकज गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में बाढ़ से बचाव व अन्य तैयारियों के सम्बन्ध में बाढ़ से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।इस अवसर पर राज्य मंत्री द्वारा जनपद में बाढ़ नियंत्रण एवं राहत हेतु की गयी तैयारियों यथा बाढ़ से प्रभावित जन एवं पशु, राहत सामग्री का वितरण, सम्पर्क मार्गों की स्थिति, कटान रोकने के उपाय, बाढ़ क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत की उपलब्धता, जन स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा व्यवस्था, बाढ़ चैकियों एवं राहत टीमों के संचालन, बाढ़ शरणालय, नावों एवं गोताखोरों की व्यवस्था आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी।बाढ़ नियंत्रण एवं राहत संबंधी तैयारियों को लेकर एडीएम (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह ने बताया कि बाढ़ से अब तक जनपद की 04 तहसीलों बांगरमऊ, सफीपुर, उन्नाव सदर एवं बीघापुर में लगभग 40 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब तक 10950 राहत सामग्री किट वितरित किए जा चुके हैं। बाढ़ क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुँचाने के लिए 281 नावों की उपलब्धता है। लोगों को सहायता पहुँचाने के लिए पर्याप्त नाविकों एवं गोताखारों की व्यवस्था कर ली गयी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों एवं मवेशियों को राहत पहुँचाने हेतु 46 बाढ़ चौकिया तथा 57 बाढ़ शरणालय सक्रिय हैं।लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक बाढ़ चैकी पर एक-एक चिकित्सीय दल तैनात किया गया है। समीक्षा के दौरान राज्य मंत्री द्वारा बाढ़ नियंत्रण एवं राहत संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन हेतु सम्पर्क मार्ग दुरूस्त रखे जाएं तथा लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। कटान रोकने के पर्याप्त इंतेजाम किए जाए तथा जन स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा से संबंधित टीमें सक्रिय रहें।अधिकारी गण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहें।बाढ़ से किसी भी व्यक्ति को परेशानी हो, तो तत्काल उसे राहत पहुँचायी जाए। बाढ़ द्वारा फसलों के नुकसान का सर्वे करा लिया जाए और आवश्यकतानुसार मुआवजा दिलाया जाए। जो मजरे बाढ़ की चपेट में हैं, उन्हीं की जरूरत के हिसाब से विद्युत कटौती की जाए।विद्युत कटौती वाले क्षेत्रों में सोलर लाइट आदि की वैकल्पिक व्यवस्था करायी जाए। बैठक में एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, सीडीओ ऋषिराज, एएसपी शशि शेखर सिंह, एसडीएम सदर नम्रता सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रणवीर सिंह सहित सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, चिकित्सा विभाग आदि के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों का आरोप लेखपाल एवम ग्राम प्रधान अपने चहेतों को दिलवा रहे राहत सामग्री

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। चोरी छिपे विद्यालय से गायब कराया राशन वीडियो हुआ वायरल ग्रामीणों का आरोप है की गहोली गांव नही है बाढ़ की चपेट में फिर भी दिलाई गई राहत सामग्री सफीपुर तहसील क्षेत्र के हमजापुर गांव निवासी दिनेश रामू बबलू मोहन आदि बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ित ग्रामीण है जो शिकायत करने तहसील पहुंचे लेकिन कोई भी अधिकारी न मिलने पर ग्रामीणों ने बताया की हम सभी लोग बाढ़ से पीड़ित है जो नहर के किनारे टेंट तंबू लगाकर निवास कर रहे हैं हम लोगो को देने के लिए राहत सामग्री गहौली में स्थित विद्यालय में रखा गया लेकिन ग्राम प्रधान जय चन्द व क्षेत्रीय लेखपाल ने वही राहत सामग्री स्कूल के पीछे वाले दरवाजे से निकाल कर ग्राम प्रधान गहौली में अपने लोगो को बाट रहे हैं जब की गहौली गांव में बाढ़ भी नही आई है दूसरी तरफ ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल एवम प्रधान साठगांठ कर झील में बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए करा रहे है मछली का शिकार इस सम्बंध में जब उप जिला अधिकारी रामदेव निषाद से फोन पर बात की गई तो उन्होंने ने बताया की अभी कोर्ट में है बाद में बात करते है।

# गड्ढे में तब्दील हुई सड़क राहगीरों को हो रही परेशानी

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव।बक्सर सुमेरपुर मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गई सड़क लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है आए दिन बाइक सवार व साइकिल चालक सड़क के गड्ढों में फंसकर घायल हो रहे हैं इसके बाद भी जिम्मेदार समस्या से अनजान बने हुए हैं सुमेरपुर से बक्सर मार्ग जनपद फतेहपुर की ओर जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ये सड़क क्षेत्र के सबसे अधिक गांवों को जोड़ने वाली सड़क है। चपरतला मोड़ से सुमेरपुर ' मनिकापुर ' भगवंत नगर ' ऊंचगांव बक्सर आदि कस्बों से होकर गुजरती मरम्मत के अभाव में सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। गिट्टी उखड़ कर इधर-उधर बिखरी हैं।जिससे राहगीर आए दिन हादसे का शिकार हो जाते हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जनहित में रोड की मरम्मत कराने की मांग की है।इसी संपर्क मार्ग पर प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चंद्रिका देवी का मन्दिर भी स्थित है।जिसमें सैकड़ों लोग प्रति दिन मां के दरबार आते हैं जिले भर के आला अफसर व जन प्रति निधि इसी मार्ग से गुजरे हैं मां के दरबार आते हैं लेकिन लग्जरी गाड़ियों में एसी लगा कर चलने वालों को शायद इस सड़क की बदहाली नहीं दिखती है सड़क अधिक खराब होने के कारण क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है

# उ प्र उद्योग व्यापार संगठन शहर कार्यकारिणी की हुयी घोषणा ,शहीद को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल द्वारा मनोनीत शहर अध्यक्ष अमित मिश्रा ने नगर कार्यकारिणी की घोघणा कर सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण अंगवस्त्र और मनोनयन पत्र भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। कार्यकारिणी घोषित होने के पहले शहर के कब्बा खेड़ा निवासी वायुसेना में तैनात आदर्श तिवारी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। सबसे पहले शहर महामंत्री विनय गुप्ता और शहर प्रवक्ता का सम्मान अमित मिश्र ने किया, उसके बाद तीनों पदाधिकारियों ने अन्य पदों पर मनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील दीक्षित, नरेश सोनी, अमित निगम लोली, मोहम्मद राशिद बबलू, राजेन्द्र लोधी, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, नगर मंत्री सर्वेश सिंह परिहार, सृजन प्रताप सिंह, प्रथम श्रीवास्तव, स्वस्तिक मिश्रा, अविनीश राय, प्रखर शुक्ला, हिमांशु गुप्ता, नितिन, सुरेश कुमार, फैजान, कृष्णा गुप्ता, गोपाल, नगर उपाध्यक्ष अम्बर राजपूत, मृत्युंजय जायसवाल, प्रशान्तप्रिय सिंह राहुल, हर्षित बाजपेयी, अंशुमान यादव, मनीष तिवारी, मीडिया प्रभारी अमित शुक्ला, सह मीडिया प्रभारी अनुज दीक्षित मनोनीत हुए।बड़ा चौराहा स्थित होटल माया इन मे समारोह में शहर अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे संगठन का मूल उद्देश्य व्यापारी और उद्योग बंधुओं के हितों की रक्षा करना है और यह तभी सम्भव है जब हम सभी संगठित हो एक स्वर में अपनी आवाज बुलंद करें। महामंत्री विनय गुप्ता ने कहा कि उन्नाव और शुक्लागंज जनपद के उद्योग और व्यापार के केंद्र बिंदु हैं और हमारी शहर कार्यकारिणी को इसी केंद्र बिंदु के उत्थान की जिम्मेदारी मिली है। समारोह का बड़ा ही उत्कृष्ट संचालन कॉमेडियन लक्ष्य निगन और निखिल यादव ने किया। शहर प्रवक्ता ने व्यापारी और उद्योग बंधुओं की एकता को शहर, जिले, राज्य और देश की समृद्धि का सबसे बड़ा आधार बताते हुए सभी के प्रति आभार जताया। पूर्व सभासद राहुल कश्यप, अनिल चौधरी आदि रहे।

# बिजली कटौती व अन्य समस्याओं को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। क्षेत्र में किसानों ने लगातार बिजली कटौती से परेशान होकर व अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के ब्लाक अध्यक्ष हसीन खान ने बिजली पवार हाउस नवाबगंज में धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन एसडीएम के निर्देशन में नायब तहसीलदार स्नेहा यादव ने धरना स्थल पर पहुंच कर लिया और किसानों से ज्ञापन के समस्त बिंदुओं पर समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया समस्याओं में मुख्य रूप से गलत बिल बिजली कटौती बिजली संविदा कमीर्यों द्वारा अवैध वसूली किसानों के बिल माफ बिजली के जर्जर तार बदलने की समस्याओं की बात कही गई वहीं किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष हसीन खान ने कहा अभी तक हम किसान लगातार शांति धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और ज्यादा संख्या में किसी प्रकार से सासन प्रशासन को अपनी समस्या को रूबरू कराया गया है आगे से जरूरत होगी तो विशाल



धरना प्रदर्शन कर अपनी समस्याएं प्रशासन को अवगत कराया जायेगा धरने पर अजय तिवारी जिला महासचिव शिव भूषण प्रदेश मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह राजकुमार अजय सोनू सुनील कुमार विजय कुमार लोधी मुन्ना गौड़ सहित दर्जनों भारतीय किसान यूनियन भानु के किसान उपस्थित रहे ।

# मिस यूपी प्रतियोगिता में रनर बनकर बढ़ाया परिवार का मान

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत बिहार कस्बे की सौम्या तिवारी ने मिस उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाकर रनर रहीं।सौम्या स्नातक की पढ़ाई के साथ मॉडलिंग प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग कर रही हैं।इसके पूर्व सौम्या मिस मेरठ के खिताब अपने नाम कर चुकी हैं।

बिहार कस्बे के निवासी धन्नर तिवारी व गुड्डी तिवारी की बेटी सौम्या तिवारी अपनी लगन के दम पर मॉडलिंग की दुनिया में नित नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं।सौम्या चार बहने है। सबसे बड़ी बहन श्रद्धा एम बी ए पढ़ाई करने के उपरांत दिल्ली में एक बैंक में नौकरी कर रही है जबकि श्रद्धा से छोटी बहन संध्या दिल्ली में ही रहकर आईएस की तैयारी कर रही है। तीसरे नंबर की बहन सौम्या ने मॉडलिंग में अपना करियर बनाया सबसे छोटी बहन आर्या सुमेरपुर स्थित लोटस कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रही है। सौम्या के सबसे बड़े भाई शुभम तिवारी वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली में जॉब कर रहे हैं। सौम्या के पिताजी धन्नर तिवारी एक गरीब परिवार से हैं वह बिहार चौराहे पर छोटी सी दुकान चलाते है ।सौम्या बिहार कस्बे में स्थित गिरिजा शंकर सरला देवी इंटर कॉलेज से बारहवीं की परीक्षा पास करके वर्तमान समय में बीएचयू में समाजशास्त्र ऑनर्स विषय से स्नातक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही हैं।सौम्या ने बताया कि माता-पिता के उत्साहवर्धन के कारण हमने मॉडलिंग कैरियर में कदम रखा और बी एच्यु की प्रोफेसर डॉ प्रतिमा गौड़ ने भी हमारा मार्गदर्शन किया। डॉ प्रतिमा गौड़ पूरे देश मे लैंगिक असंवेदनशीलता के खिलाफ अभियान चला रही है ।इसके अतिरिक्त कॉलेज के अन्य प्रोफेसरों ने उत्साहवर्धन कर रहे है ।सौम्या दिल्ली, लखनऊ, मेरठ आदि शहरों में प्रतिभाग कर चुकी है। दिल्ली में सफलता हासिल कर मिस मेरठ 2023 का खिताब हासिल किया था।

## चिंतन

# एससीओ के बाद ब्रिक्स में भारत के सधे कदम

भारत एक साथ दो ग्लोबल मंचों से भारतीय सोच और एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है, दूसरी तरफ इसी वर्ष भारत ने पहले एससीओ और अब ब्रिक्स की बैठक में शिरकत की है। इन ग्लोबल मंचों से जहां भारत भू-राजनीतिक संतुलन स्थापित कर रहा है, वहीं अपने सह-अस्तित्व व शांतिपूर्ण विकास और आतंकवाद मुक्त विश्व के ग्लोबल एजेंडे को भी सधे अंदाज में आगे बढ़ा रहा है। भारत को जब भी मौका मिलता है, ग्लोबल मंचों से वसुधैव कुटुंबकम की सोच को आगे बढ़ाता है, सभी देशों के विकास की कामना करता है, वैश्विक शांति की अपील करता है और आतंकवाद के खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने का आह्वान करता है। आगे सितंबर में जी-20 का शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें भारतीय एजेंडे- पर्यावरण की रक्षा, वैश्विक शांति, ग्लोबल ट्रेड, सह-अस्तित्व पर आधारित वैश्विक विकास, क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी, आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई आदि पर वैश्विक सहमति बनाने की कोशिश होगी। अभी ब्रिक्स बैठक में भारत ने इसके विस्तार का समर्थन किया है। इससे पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भी इसके विस्तार का भारत ने समर्थन किया था। खास बात है कि ब्रिक्स और एससीओ में चीन का दबदबा है और वह एक रणनीति के तहत इन संगठनों का विस्तार कर रहा है। अभी ब्रिक्स के विस्तार में छह देशों-अर्जेंटीना, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात को शामिल होने का अवसर मिला है। इनमें बेशक ईरान, सऊदी अरब, मिस्त्र आदि देश से भारत के अच्छे संबंध हैं, लेकिन इन छह देशों के हाल के वर्षों में चीन के साथ मजबूत बॉन्डिंग बनी है। ऐसे ही एससीओ में भी ईरान समेत कई देशों को अवसर मिला है। चीन की कोशिश अमेरिकी नीति के विरोधी या उससे दूरी रखने वालु मुल्कों को अपने ग्लोबल मंचों में शामिल करने की रही है। वह इसमें सफल भी होता दिख रहा है। दक्षिण अफ्रीका में सम्मेलन शुरू होने से पहले ब्रिक्स के विस्तार को लेकर भारत ऊहापोह की स्थिति में था, चीन सधे हुए कदमों से अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रहा था। सम्मेलन के समापन तक भारत ऊहापोह से बाहर निकलते हुए ब्रिक्स के विस्तार को समर्थन दिया। भारत ब्रिक्स की शक्ति से वाकिफ है और वह ग्लोबल सिनारियो को भी समझ रहा है। चीन की कूटनीतिक सफलता है कि ब्रिक्स के विस्तार की घोषणा भारत ने की। भारत संतुलन के साथ अपनी वैश्विक कूटनीति को आगे बढ़ा रहा है। एक तरफ अमेरिका, फ्रांस व जर्मनी के साथ अपने रिश्तों को आगे बढ़ा रहा है, तो दूसरी तरफ रूस, चीन और चीनी प्रभुत्व वाले एससीओ, ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंचों के साथ संबंधों को मजबूत कर रहा है, तीसरी तरफ भारत विश्व के अनेक देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत कर रहा है और आसियान, बिम्सटेक, सार्क, पूर्वी एशिया सहयोग संगठन जैसे मंचों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था व द्विध्रुवीय जियो पॉलिटिकल सिस्टम में भारत विश्व में सबके साथ संतुलित, स्वतंत्र और निष्पक्ष कूटनीति के साथ आगे बढ़ रहा है और अपना वैश्विक लक्ष्य हासिल कर रहा है। यूएन की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए चीन को साधना जरूरी है। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जियो राजनीति में भारत की साख मजबूत हुई है, अब भारत एक टॉप स्पेस पावर है। ग्लोबल मंचों पर हालांकि भारत को चीन से चौकन्ना भी रहना होगा और उससे सीमा विवाद सुलझाने के प्रति प्रयासरत भी रहना होगा।

# 29 अगस्त राष्ट्रीय खेलकूद दिवस पर विशेष

## आवश्यकता है खेल और खिलाड़ी के विकास का



अमन लेखनी हिन्दी दैनिक लखनऊ



वैश्विक परिदृष्य में आज हमारा देश खेलकूद के मामले में साधारण दिखाई देता है। बीते वर्षों के ओलंपिक खेलों को देखा जाए तो वहां से हम अधिकतर खेलों में खाली हाथ ही वापस आते नजर आते हैं। अपवाद स्वरुप कुछ खेलो जैसे लान टेनिस, कुश्ती, भारोत्तोलन, शूटिंग में ही गिनती के दो चार पदक हमारे देश के हिस्से में आते हैं। हां यह बात अलग है कि गत संपन्न हुए ओलंपिक के भाला फेंक स्पर्धा में व्यक्तिगत रूप से नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक लाकर एक इतिहास रच दिया। एक सौ चालीस करोड़ की जनसंख्या वाले देश में ऐसा कोई भी खिलाड़ी ही नहीं है जो अन्य देशों के खिलाडियों से पंगा लेकर पदक ला सके। ठीक ऐसा ही हाल अन्य खेलों के अंतरराष्ट्रीय बड़े आयोजनों में भी है, चाहे वह एशियाई खेल हों या राष्ट्रकुल के खेल स्पर्धा हो या अन्य अंतर राष्ट्रीय खेल हों।

इसके सुधार के लिए हमारी खेल व्यवस्था और हमें आज मूलभूत परिवर्तन के साथ गुजरना होगा। तभी तो उक्त परिणामों में भी बदलाव आयेगा और पदकों की संख्या में वृद्धि होगी ! आज के परिवेश में युद्ध से नहीं, खेल में पदक लाने से देश की प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। अतः जरूरी है कि खेल के स्तर को उंचा उठाया जाए ! वैसे भी खेलकूद जो हमारे जीवन का अभिन्न अंग है ! जिस पर हमें प्रवीणता हासिल करनी है। रोमांच और विविधताओं से भरी खेली की दुनिया में शिखर पर पहुंचने का सपना हर देश का होता है, कुछ देश जैसे चीन, जर्मनी, जापान, कोरिया, ब्रिटेन, अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्राजील आदि इस मंजिल को पा लेते हैं, और कुछ देशों को प्रायः निराश होकर लौटना पड़ता है। दुर्भाग्य से हमारे देश की गिनती निराश होकर लौटने वाले देशों में होती है। हाल ही में हुए ओलंपिक खेल में भारत का प्रदर्शन बहुत ही साधारण रहा ! हमारा देश खेल के क्षेत्र में इतना क्यों पिछड़ता जा रहा है, क्या इस सवाल पर किसी ने कभी ध्यान दिया है ? सरसरी तौर पर देखा जाए तो खेलों कि खराब परिस्थिति के लिय कई कारण नजर आयेंगे। जैसे धन की कमी प्रमुख कारण है। खेल पर हम अपने कुल बजट का आधा प्रतिशत भी खर्च नहीं करते। पैसे के अभाव में खेल सुविधाओं के विस्तार की योजना अधूरी रह जाती है। खिलाड़ियों के पास जब खेलने के लिये आधुनिक सुविधायें ही नही रहेंगी तो फिर वे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कैसे अपने प्रतिस्पर्धियों के ठहर सकते हैं।

वहीं खेल के लिये आवश्यक प्रबंधन ढांचे का अभाव भी एक प्रमुख कारण है, खेल की दुर्दशा का। वस्तुतः खेल के विकास और प्रसार की हमारी अधिकतर योजनाएं दिखावटी ज्यादा हैं। हम अभी तक अपने देश में खेल का एक मजबूत मूलभूत ढांचा (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विकसित नहीं कर पाये हैं। जब तक हम खेलों को गांवों, कस्बों और छोटे-छोटे नगरों तक नहीं ले जायेंगे, तब तक खेल के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर शिखर तक पहुंचने की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। इस संबंध में एक उदाहरण ही काफी है कि रूस में राष्ट्रीय खेलों में मोटे तौर पर आबादी का एक चौथाई हिस्सा शिरकत करता है। यहां बहुत निचले स्तर से स्पधाएं शुरू हो जाती हैं , और सुव्यवस्थित रुप से आखिर तक चलती है। हमारे यहां अभी खेलों का ढांचा विकसित ना हो पाने के कारण खेलों में लोगों की भागीदारी बहुत कम है। वहीं चीन जैसा देश जो पिछले कुछ वर्षों में खेल के क्षेत्र में खासी प्रगति कर चुका है। आज अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत का चीन एक प्रमुख हस्ती बन चुका है। एशियाई खेलों में तो वह हमेशा ही सिरमौर रहता आया है। यही कारण है कि तात्कालीन केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि हमे भी खेल में विकसित देशों की तरह सुव्यवस्थित ढांचा खड़ा करना होगा। खिलाड़ियों को निखारने के लिए उन्हें उचित सुविधा व सम्मान देना होगा, तभी शायद हम भी खेल के क्षेत्र में एक प्रमुख हस्ती बन सकते हैं।

आज स्थिति यह है कि क्रिकेट को छोड़कर हमारे देश में खेलों के प्रति रुचि और आकर्षण ना के बराबर है। इसका बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेलों की दुनिया ने सफलता के बाद भी इस बात को कोई गारंटी नहीं है कि कोई खिलाड़ी बिना संघर्ष के जीविकोपार्जन कर सके। यह अविश्वास ही खिलाड़ी के आकर्षण को एक झटके में समाप्त कर देता है।

हमारे देश में बहुधा यह भी देखा जाता है कि यदि सभी परिस्थितियों से जूझते हुये खिलाड़ी अंततः शिखर पर पहुंच भी गया तब भी हमारे यहां उसे राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में भाग लेने का मौका खोना पड़ सकता है। यही मूल कारण है कि राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ज्यादा फिक्र राजनैतिक समीकरण की करने लगता है। इससे होता यह है, कि खिलाड़ियों का खेल कौशल भी प्रभावित हो रहा है। उनकी योग्यता को नकारने से उनमें कुंठा और निराशा जन्म ले लेती है, जिसका सीधा प्रभाव उनके प्रदर्शन पर पड़ता है। इन्हीं कारणों को देखते हुए मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती पर्व पर आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद सिंह ने लगन, दृढ़ता के साथ अभाव में भी अपने खेल को जिस तरह से निखारा और सजाया- संवारा वह अप्रतिम ही है। ऐसे ही उन्हें ₹हाकी का जादूगर₹ नहीं कहा जाता है। मुझे आज तक समझ में नहीं आया कि ना जाने क्यों हमारे देश की केंद्र सरकारों ने उन्हें आज तक ₹भारत रत्न₹ की उपाधि से वंचित कर रखा है। यह तो जगत विख्यात है हमारे देश का बच्चा-बच्चा जानता है ओलंपिक में जब तक वे खिलाड़ी के तौर पर हिस्सा लेते रहे उन्होंने हाकी के खेल में स्वर्ण पदकों की लाइन लगा रखी थी। खैर इन सब के बावजूद भला हो यूपी सरकार का जिन्होंने मेरठ स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद सिंह बैस के नाम पर रखने का निर्णय लिया।

हमारे देश मे खिलाड़ियों के सतत अभ्यास और अच्छे प्रशिक्षण की भी कमी है। प्रशिक्षण सुविधाओं का अभाव तो है ही साथ ही अच्छे प्रशिक्षकों की भी कमी है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में होने वाले खेलकूद महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। खेलकूद का स्तर सुधारने के लिए हम सभी में पूरी निष्ठा का होना बहुत आवश्यक है। बजट प्रावधानों में खेल के लिए खर्च होने वाली राशि में वृद्धि की जाए। तो वही ग्रामीण स्तर वह निचले स्तर पर खेलकूद गतिविधियों को विशेष बढ़ावा दिया जाए। प्रचार-प्रसार माध्यम ना केवल खेलकूद के समाचारों को पर्याप्त महत्व दें, बल्कि इसके साथ ही सफल खिलाड़ियों का हौसला अफजाई भी करें। इस संबंध में सबसे पहली जरुरत एक विस्तृत और सुव्यवस्थित खेल नीति की है।

निष्कर्षतः खेलों के विकास के लिये पहली जरूरत एक राष्ट्रीय खेल नीति की है। दूसरी खास जरूरत ग्रामीण क्षेत्रों से क्षप्रतिभाओं को निकालकर लाने रऔर फिर उन्हें तराशने की है। यदि हम ऐसा कर तो निश्चय ही एक दिन हम खेल की दुनिया में काफी ऊपर पहुंच सकते हैं। और वैश्विक खेलों में प्रमुख हस्ती बन सकते हैं।

लेखक - सुरेश सिंह बैस शाश्वत

## सारा संसार



कांचीपुरम में स्थित चित्रगुप्त मंदिर हिंदू देवता चित्रगुप्त को समर्पित है। चित्रगुप्त को मृत्यु के देवता, यमराज के सहायक के रूप में भी जाना जाता है। मंदिर में आप पारंपरिक वास्तुकला का अद्भुत काम देख सकते हैं, जो दक्षिण भारत के अधिकांश मंदिरों में पाया जाता है।

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित

**दर्शन**

**ओशो** : साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित

**प्रेरणा**

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## ऐतिहासिक

योगेश कुमार गोयल



# चंद्रमा पर भारत का सूर्योदय

चंद्रयान-3 मिशन के जरिये इसरो ने अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया है। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद चांद पर भारतीय तिरंगा देख पूरी दुनिया भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा की कायल हो गई है। अब तक भारत के अलावा कोई भी देश चांद के दक्षिणी ध्रुव को नहीं छू सका है। भारत ने 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2.30 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल मार्क-3 (जीएसएलवी-एमके-3) हैवी-लिफ्ट रॉकेट के जरिये चंद्रयान-3 मिशन लांच किया था और 41वें दिन यानी 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चांद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग की योजना बनाई गई थी। जैसे ही चांद की सतह पर शाम 6.04 बजे कदम रखने के बाद चंद्रयान-3 ने संदेश भेजा 'मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं', हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर की मिशन लाइफ एक चंद्र दिवस की है, जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर की अवधि है, इसीलिए इसरो के डायरेक्टर एस. सोमनाथ के मुताबिक ये 14 दिन इसरो के बेहद महत्वपूर्ण हैं। सॉफ्ट-लैंडिंग कराने के लिए इसरो ने लैंडर में बड़े सुधार किए थे, जिनमें लैंडर के लिए मजबूत पैर, उच्च अवरोही वेग झेलने की क्षमता और इंजनों की संख्या को पांच से घटाकर चार करना शामिल थे। इसमें नए सेंसर भी जोड़े गए थे और प्रणोदक की मात्रा भी बढ़ाई गई थी। इसके सौर पैनल एक बड़े क्षेत्र को कवर करते हैं। यह जानना जरूरी है कि चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम 'विक्रम' और रोवर का नाम 'प्रज्ञान' ही क्यों रखा गया? चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डा. विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। 'विक्रम' शब्द का अर्थ साहस और वीरता से भी जुड़ा है। प्रज्ञान का अर्थ है 'बुद्धिमता' और रोवर को इसीलिए यह नाम दिया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि अपनी बुद्धि का प्रयोग करके रोवर ही चांद की सतह पर कई चीजों की जानकारी एकत्रित करेगा। विक्रम लैंडर पर चार पेलोड्स हैं रंभा, चास्टे, इल्सा, लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे। रंभा चांद की सतह पर सूरज से आने वाले प्लाज्मा कणों के घनत्व, मात्रा और बदलाव की जांच करेगा। चास्टे चांद की सतह के तापमान की और इल्सा लैंडिंग साइट के आसपास भूकम्पीय गतिविधियों की जांच करेगा जबकि लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे चांद के डायनेमिक्स को समझने का प्रयास करेगा। प्रज्ञान रोवर पर दो पेलोड्स हैं लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप तथा अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर। लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप चांद की सतह पर मौजूद रसायनों की मात्रा और गुणवत्ता का अध्ययन तथा खनिजों की खोज करेगा जबकि अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर एलिमेंट कंपोजिशन का अध्ययन करेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दहेज विरोधी कानून का हो उचित प्रयोग

हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498 का कुछ महिलाओं ने दुरुपयोग करके कानूनी आतंकवाद फैलाया है। यह धारा हमारे देश की सबसे बड़ी सामाजिक बुराई दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए कानून के जरिए प्रावधान है। दहेज विरोधी कानून का भी दुरुपयोग किया है, इस बात को तो सुप्रीम कोर्ट भी मान चुका है। दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना, भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है, लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची, नाकाम लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। दहेज के बहुत से रूप हैं- सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ।

*- मनोज चंद्रवशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया का दूसरा प्रयास भी रहा विफल



उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कहा कि जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण का उसका दूसरा प्रयास भी विफल रहा है, लेकिन उसने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वह अक्टूबर में फिर से कोशिश करेगा। उत्तर कोरिया का प्रक्षेपण विफल होने के तत्काल बाद पड़ोसी देश जापान ने 'जे-अलर्ट' जारी किया और अपने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा क्योंकि उत्तर कोरिया का रॉकेट उसके दक्षिणी द्वीप ओकिनावा के ऊपर से प्रशांत महासागर की ओर उड़ा।

## ऑफ बीट

# अच्छा श्रोता होने का अर्थ है समानुभूति होना



समानुभूति का तात्पर्य यह है कि जब हम किसी अन्य व्यक्ति के दृष्टिकोण से दुनिया को समझने की कोशिश करते हैं तो उस वक्त हम क्या महसूस करते हैं। समानुभूति के बारे में आम गलतफहमियों में से एक यह है कि दूसरे व्यक्ति ने जो अनुभव किया है उसे समझने के लिए आपको उससे गुजरना होगा। दो लोग समान चुनौतियों और मुश्किलों से गुजर सकते हैं लेकिन हो सकता है कि उनका रवैया एकदम भिन्न हो। आपके अनुभव आपके लिए खास हो सकते हैं और कोई अन्य यह नहीं जान सकता कि आप क्या महसूस कर रहे हैं। कोई कैसा महसूस कर रहा है यह जानने का एकमात्र तरीका यही है कि उसे सुना जाए।

## ट्रेंड

### ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन



ब्रिक्स की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमने इस मंच का विस्तार करने का निर्णय लिया है। भारत ने हमेशा इस विस्तार का पूरा समर्थन किया है। इस तरह का विस्तार ब्रिक्स को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाएगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गर्व महसूस कर रहा देश



1962 में शुरू हुए भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने चंद्रयान 3 के रूप में एक नई ऊंचाई तय की। पूरा देश इस गौरवशाली यात्रा पर गर्व महसूस कर रहा है। सभी देशवासियों के लिए खुशी का क्षण है। सभी वैज्ञानिकों व देशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### कैग कह रहे



क्या आपको पता है प्रधानमंत्री मोदी की लोधी वाली समिति सीसीईए ने 75 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण परियोजना में 15 करोड़ प्रति किलोमीटर की लागत लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की योजना तैयार की है? ये उम्मीदवार नहीं कैग कह रहे हैं।

-संजय सिंह, आप सांसद

### वैज्ञानिकों को सलाम



हमारे वैज्ञानिकों और इसरो टीम के प्रतिभाशाली दिमाग को सलाम जिन्होंने चंद्रयान-3 को बड़ी सफलता दिलाई। यह सोचकर आपका दिल गर्व और खुशी से भर जाता है कि हमारा लैंडर चंद्रमा की परिक्रमा कर रहा है और अपना काम कर रहा है।

-संजय खान, अभिनेता

संक्षेप

## गंगा के जल स्तर में हो रही है गिरावट

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके बावजूद चम्पापुरवा, राजीव नगर, फत्तेहपुर, गगनी खेड़ा, गोताखोर, रविदास नगर, श्रीनगर, गंगानगर, आजाद नगर, नई बस्ती, निहाल खेड़ा, पोनी, झब्बूपुरवा, बदुआखेड़ा, अखलाक नगर, रतिराम पुरवा आदि गांवो के सैकड़ो मकान जलमग्न है उन्हे राशन तक एकत्र करने के लिए मुश्किल हो रहा है। वहीं राजीव नगर, गोताखोर, हुसैन नगर, कर्बला, आजाद नगर, नई बस्ती के सैकड़ो परिवार अपने आशियानें छोड़ कर गंगाघाट रेलवे स्टेशन रोड़ और आजाद नगर के सामनो फोरलेन के डिवाईडर पर झोपड़ी बनाकर रहने को मजबूर है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान पार करने के बाद शुक्लागंज बाढ़ का जायजा लेने के लिये एसडीएम नमृता, तहसीलदार तनवीर हसन, लेखपाल मनोज यादव टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि अब तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 46 नावें लगाई जा चुकी हैं। वहीं राजीव नगर खंती, आजाद नगर, नई बस्ती, शारदा नगर, नट बस्ती के कई परिवार फोरलेन के किनारे डेरा डाले हुये हैं लेकिन प्रशासन की ओर से उन्हें कोई मदद नहीं पहुंचा गई है। जिससे राशन एकत्र करने में ऐसे परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## खाताधारक एकमुस्त समाधान के तहत अपना लोन चुकता कर ले सकते हैं लाभ

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।फखरपुर ब्लॉक के गजाधरपुर स्थित आर्यावर्त बैंक के शाखा प्रबंधक सुखलाल ने ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया और बताया जिन भी खाता धारकों के लोन खाता एनपीए हो गए हैं वह आर्यावर्त नव संजीवनी योजना के तहत एक मुस्त समाधान योजना का लाभ लेकर एनपीए हुए खातों के लोन का भुगतान करके भारी छूट का लाभ उठा सकते है। आने वाले सितंबर माह के 9 तारीख को जिला स्तर पर लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जहां उच्च अधिकारियों द्वारा एनपीए हुए खातों का एक मुस्त समाधान किया जाएगा। आप सभी अपना अपना स्टेटमेंट निकलवा कर अपने लोन का भुगतान कर करके खातों को सही कराए और लाभ लें। शाखा प्रबंधक सुखलाल ने बताया टोटल 343 खाते एनपीए हुए हैं। जिसमें वृहद एनपीए 152 खाते हैं जिन्हें नोटिस तामील कराई गई है। आने वाले हर ग्राहक को लाभ के विषय में समझाया जा रहा है। कई लोग समझौते के लिए तैयार भी लग रहे हैं। इस मौके पर अनवर अली, रामकुमार शुक्ला, राहुल, रामू गौड़, रामराज, उदयराज वर्मा, राहुल वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# इंटर बटालियन प्रतियोगिता में 42वीं वाहिनी ने विभिन्न खेलो में जीता खिताब

## अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यवाहक कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच-क के खेल परिसर में भिन्न-भिन्न खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें सोमवार को 59वीं वाहिनी और 42वीं वाहिनी एसएसबी की टीमों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर इंटर बटालियन प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉली बॉल तथा फूटबॉल खेलों का प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यवाहक कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर 59वीं वाहिनी तथा कार्यवाहक कमांडेंट अनिल कुमार यादव 42वीं वाहिनी के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय के साथ हुआ। सबसे पहले कबड्डी खेल 59वीं वाहिनी के खिलाडियों के द्वारा रेड करते हुए शुरू किया गया। 42वीं वाहिनी ने शुरूआती समय से बेहतर खेलते हुए 59वीं वाहिनी की टीम को 42-22 पॉइंट से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। इसके उपरांत वॉली बॉल खेल का आयोजन किया गया जिसमे 42वीं वाहिनी के खिलाडियों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए 2-0 से 59वीं वाहिनी की टीम को हरा कर जीत अपने नाम किया। फूटबॉल मैच मे दोनों टीमो के खेलाडियो के द्वारा अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला। मैच समाप्ति के उपरांत कार्मिको को संबोधित करते हुए कार्यवाहक कमांडेंट अनिल कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर हम अपने देश के युवाओं में खेल को अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर उनके अंदर ये भावना उत्पन्न कर पायें कि वे अपने खेल के उम्दा प्रदर्शन के द्वारा खुद की तरक्की के साथ साथ उनके अच्छे खेल प्रदर्शन से देश का नाम भी वे ऊँचा करेंगे और राष्ट्रीय गौरव भी बढाएँगे।

## सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को बांटे गए प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा पर 21 दिवसीय रोजगारपरक प्रशिक्षण विषय ₹युवतियों हेतु जीविकोपार्जन के लिए सिलाई एवं टेलरिंग प्रशिक्षण₹ का सफल समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र बांटे गए, कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक परीक्षा भी कराई गई जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकार के वस्त्र सिलकर दिखाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एस. के. यादव द्वारा की गई। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र वितरित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि एक बेहतर दर्जी की मांग हमेशा बनी रहती है और यदि किसी ने अच्छा सिलाई कौशल हासिल किया है एवं धैर्य के साथ कार्य करता है तो वह अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर अच्छा लाभ कमा सकती है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने महिलाओं को प्रशिक्षण के दौरान कौशल वर्धन के साथ-साथ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जाने वाली अनेक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण की संचालिका वैज्ञानिक रेनू आर्य ने बताया कि महिलाओं को वस्त्रों की कटाई, सिलाई के अलावा कढ़ाई एवं अन्य प्रकार के सजावटी चीजों का इस्तेमाल करके वस्त्रों का मूल्य संवर्धन किया जाता है जिससे बाजार में अच्छी कीमत मिल सके तथा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के जीविकोउपार्जन में सहायक साबित हो सकती है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि महिलाएं अगर स्वावलंबी बनी तो वह न केवल अपने परिवार की आर्थिक उन्नति का आधार बन जाएंगे। केंद्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. एस.बी. सिंह ने बताया कि बिक्री एवं व्यवसाय को अधिकतम करने के लिए रणनीतियां की उचित सुझाव दिए। प्रशिक्षण में ग्राम- गुलरा से उमा मौर्य, संगीता देवी तथा कोटवा तहसील नानपारा से सीता देवी, अनीता वर्मा आदि महिलाएं शामिल हुई।

## ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष बने विनोद सिंह

**बहराइच में आयोजित हुआ ग्राम विकास अधिकारी संघ का अधिवेशन**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। ग्राम विकास अधिकारी संघ जनपद शाखा बहराइच का द्विवार्षिक अधिवेशन शहर में स्थित एक धर्मशाला में संपन्न हुआ। सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप में विनोद सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र पांडे रहे। निर्वाचन अधिकारी के रूप में आदेश कुमार त्रिपाठी ने जिम्मेदारी संभाली। अध्यक्ष के पद पर विनोद कुमार सिंह, मंत्री आशुतोष कुशवाहा, प्रांतीय प्रतिनिधि स्वप्न मणि सोनकर के साथ ही अधिवेशन को प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडे, कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आनंद मोहन पाठक, मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, आदेश त्रिपाठी, संरक्षक सोमनाथ शर्मा, संरक्षक नरेंद्र कुमार मिश्रा, मदन गोपाल कनौजिया, कुमार आशुतोष ,विनोद सिंह, महावीर मंडल, स्वामी रावत, मांडवी वर्मा, अनूप श्रीवास्तव आदि ने भी संबोधित किया। बैठक के समापन पर जिला विकास अधिकारी को संबोधित मांग पत्र प्रेषित कर उनके शीघ्र निराकरण की मांग भी की गई। कार्यक्रम का संचालन सोमनाथ शर्मा एवं अतिथियों का स्वागत नरेंद्र कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 बोरी यूरिया के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, चार फरार

### बार्डर सीमा पर बढी.यूरिया की तस्करी

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर इन दोनों यूरिया की तस्करी तेज हो गई है। तस्कर यूरिया खरीद कर सीमा पार नेपाल बेचकर चार गुना दाम कम रहे हैं। वहीं जिला कृषि अधिकारी व एसएसबी की सक्रियता के चलते खाद तस्कर दबोचे भी जा रहे हैं जिन पर मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की जा रही है। भारत नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा क्षेत्र के पचपकरी एसएसबी कैंप के निकट 6 साइकिल सवार यूरिया लेकर जाते हुए दिखाई दिए। शक होने पर एसएसबी के जवानों ने उन्हें रोकने के लिए कहा। इस पर तस्कर साइकिल छोड़कर भागने लगे। जवानों ने दौड़कर दो खाद तस्करों को पकड़ लिया चार फरार हो गए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अनिल रैदास व जगत राम रैदास निवासीगढ़ जिला बांके राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई। जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडे ने बताया कि साइकिल और यूरिया को सीज कर दिया गया है तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर स्थानीय थाना रुपैडिहा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। तस्करों को पुलिस के हवाले किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बार्डर क्षेत्र की सभी दुकानदारों को सख़्त हिदायत दी गई है कि खाद की बिक्री सिर्फ किसानों को करें तस्करों को खाद की बिक्री न करें। पकड़े जाने पर दुकानदारों पर भी मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एसएसबी टीम में सामान्य आरक्षी अरुण देओरी, मुख्य आरक्षी बप्पी राम सहायक आरक्षी पारस कुमार चितकिल तथा कृषि विभाग की ओर से ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव अपर जिला कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

## एकल अभियान द्वारा थाना परिसर में मनाया गया रक्षा बंधन कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

पयागपुर/विशेश्वरगंज,बहराइच। थाना परिसर विशेश्वरगंज में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एकल अभियान द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संच समिति की आचार्यों द्वारा थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी,उपनिरीक्षक विकास वर्मा, का० मुकेश पाठक, का० दीपक चौधरी, का० हैदर आदि पुलिस कर्मियों की कलाई में राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। विशेश्वरगंज संच प्रमुख विजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस वाले हमारी रक्षा करते है। दिन हो या रात हमारी रक्षा के लिए खड़े होते है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी, का० हैदर, का० प्रकाश वर्मा व संच समिति विशेश्वरगंज के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, संघ जिला संपर्क प्रमुख बहराइच अजीत शुक्ल, भाग्य अरोग्य योजना प्रमुख देव नारायण सिंह, चिलवरिया संच प्रमुख अनंतराम, भाजपा नेता धनलाल पांडेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मिल्कीपुर में विद्युत बिल को लेकर मेगा कैंप का आयोजन

**डेढ़ लाख का बकाया विद्युत बिल वसूला, मुख्य अभियंता ने कैंप का किया निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की टीम द्वारा विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज और मिल्कीपुर में बकाया विद्युत बिल को लेकर मेगा कैंप लगाया गया। मिल्कीपुर उपकेंद्र के चांदपुर में मुख्य अभियंता ने उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर और बकाया का बिल पर की गई कार्रवाई को देखा। कुमारगंज, पिठला चौराहे पर उपखंड अधिकारी कुमारगंज द्वारा मेगा कैंप लगाकर डेढ़ लाख की राजस्व वसूली शुक्रवार को की गई है। उपखंड अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि पिठला चौराहे पर लगे मेगा कैंप मे डेढ़ लाख की राजस्व वसूली की गई जहां 92 उपभोक्ताओं ने अपना बकाया विद्युत बिल भी जमा किया है। 15 उपभोक्ताओं के घर मीटर भी लगवाया गया और तीन लोगों की लोड वृद्धि के लिए चेकिंग रिपोर्ट विभागीय उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया गया। एक व्यक्ति के खिलाफ विद्युत चोरी में एफ आई आर दर्ज कराई गई। अधिशाषी अभियंता सत्य नारायण ने बताया कि जो उपभोक्ता समय से अपने विद्युत बिल का भुगतान नहीं करेगा, उसके खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही के साथ साथ लाइन काटी जा रही है। विद्युत चोरी करने वाले के खिलाफ टीम बनाकर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। मिल्कीपुर खंड में 500 से अधिक उपभोक्ताओं ने बिल जमा किया है। इस मौके पर अवर अभियंता बालनाथ, अभिषेक कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

## जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (एडवांस) कोर्स के उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को भाजपा नेता ने बांटे प्रमाण पत्र



अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। सतीश ग्रामोद्योग संस्थान बहराइच द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से संचालित जनरल ड्यूटी अस्सिटेंट (एडवांस) कोर्स के अर्न्तगत उत्तीर्णप्रशिक्षणार्थियों को पयागपुर विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता निशंक के द्वारा सार्टिफिकेट वितरण कराया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह, मिशन मैनेजर अर्पित कटियार, संस्था अध्यक्ष सतीश चन्द्र तिवारी, प्रबन्धक अश्विनी श्रीवास्तव, रचाना सिंह, सिम्मी बेगम, पूजा देवी, सरिता सरोज, करिश्मा, विवेक गुप्ता, आनन्द गुप्ता, सांवल प्रसाद शुक्ल, सुरेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत राजकीय महिला विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मिशन शक्ति नारी सशक्तिकरण के संबंध में राजकीय महिला विद्यालय कैसरगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी गई। थाना प्रभारी राजनाथ सिंह ने महिलाओं के अधिकार और उनके कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी राज के बालिका महिला विद्यालय के छात्रों को दी और कोतवाल राजनाथ सिंह ने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को कहीं भी किसी भी तरीके की दुश्वरी परेशानी नहीं है। महिलाएं बिना झिझक के कभी भी कहीं भी आ जा सकती हैं। हर मोड़ पर हर कदम पर पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं के संबंध में यदि कोई शिकायत आती है तो उन पर कठोर धाराओं में तुरंत कार्रवाई की जाती है इसलिए महिलाएं हमेशा कोई दिक्कत होने पर डायल 112 का 1090 का इस्तेमाल करें। इस मौके पर महिला पुलिस बीट अधिकारी, उप निरीक्षक थाना कैसरगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य व अध्यापिकाएं उपस्थिति रहीं।

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग ना दिखाने पर स्कूलों पर कार्रवाई

**12 स्कूलों के अध्यापकों का वेतन रोकने का आदेश, स्पष्टीकरण मांगा गया**

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर में चंद्रयान-3 की लैंडिंग ना दिखाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने लगभग 12 विद्यालयों के स्टाफ को दोषी माना है। 23 अगस्त से अगले आदेश तक के लिए वेतन अवरुद्ध कर दिया गया है। इस विभागीय कार्यवाही से अध्यापकों में हडकंप मचा हुआ है। विभाग ने विद्यालय स्टाफ से दो दिन के अन्दर स्पष्टीकरण भी मांगा है। 23 अगस्त को चंद्रयान 3 की लैंडिंग हुई थी। बच्चों को इसका लाइव प्रसारण देखने को मिले इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया था। सभी विद्यालयों में लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की जाए। लेकिन इस दौरान कुछ विद्यालय खुले ही नहीं। जिसकी जानकारी मिलने पर विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। विभाग ने एक दर्जन विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं का 23 अगस्त से ही वेतन अवरुद्ध कर दिया है। साथ ही दो दिन के अन्दर कार्यालय में पहुंच कर स्पष्टीकरण देने का नोटिस जारी किया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने नोटिस में सुमेरपुर ब्लॉक क्षेत्र के पांच विद्यालय, मौदहा ब्लॉक क्षेत्र के चार, कुरारा ब्लॉक का एक, साथ ही हमीरपुर सदर के एक विद्यालय को 23 अगस्त के दिन बंद पाया है। जिसकी एक सूची भी जारी की है। बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया की इन सभी विद्यालयों के अध्यापक अध्यापिकाओं का वेतन अवरुद्ध किया गया है। सभी को नोटिस जारी कर के दो दिन के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

## अम्बेडकरनगर में आयुर्वेदिक अस्पताल को खुद इलाज की जरूरत

**मार्च से अस्पताल से दवाएं गायब, पत्राचार के बाद भी नहीं मिल रही दवाएं**

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में ज्योतिबा फुले जिला चिकित्सालय परिसर में बने आयुर्वेदिक चिकित्सालय को खुद इलाज की जरूरत है। आयुर्वेदिक अस्पताल मे करीब 5 महीने से करीब सभी दवाएं खत्म है, जिससे दूर दराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजो को बिना दवा के वापस लौटना पड़ा रहा है। मरीजों को आयुर्वेदिक चिकित्सा देने का लिए जिला अस्पताल परिसर में आयुर्वेदिक अस्पताल का संचालन हो रहा है, यहां दवा होने पर करीब 50 मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए आते थे, लेकिन मार्च के बाद से यहां दवाओं की भारी कमी हो गयी। चिकित्सालय मे करीब 40 तरह की दवाएं उपलब्ध होती थी, लेकिन इस समय एक या दो दवाएं ही है। इससे जो मरीज इलाज की उम्मीद लेकर यहां आते है, उन्हें बिना इलाज कराए वापस जाना पड़ता है, जिससे इस समय मरीजों की संख्या घटकर 30 हो गयी है। अस्पताल के चिकित्सक डॉ चन्द्रेश ने बताया कि अस्पताल मे मार्च से ही दवाओं की कमी है और इसके लिए कई बार सीएमओ से पत्राचार किया गया, लेकिन दवा नही मिल पा रही है, जिससे जो मरीज इलाज की उम्मीद लेकर आते है उन्हें दवा नहीं मिल पाती है।

# बांदा में मालगाड़ी की टक्कर से महिला की मौत

**रेलवे ट्रैक पार करते समय हादसा, नहीं दिखाई दी ट्रेन, पुलिस शिनाख्त में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में एक महिला की ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसकी वजह से महिला की मौत हो गई। जैसे ही स्थानीय लोगों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अभी महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आपको बता दें कि पूरा मामला बांदा जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत क्योटारा क्रॉसिंग का है। यहां एक महिला का शव बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार महिला ट्रैक पार कर रही थी, तभी मालगाड़ी से टक्कर हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जैसे ही लोगों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

वहीं ऊरढ गवेंद्र सिंह पाल ने बताया की एक महिला का शव बरामद हुआ है। रेलवे ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी से टक्कर हो गई थी। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला का शव मॉर्चरी में रखवा दिया गया है। आगे का जांच की जा रही है।

# संक्षेप

## राष्ट्रीय अंबेडकर महासभा की बैठक संपन्न

**29 अक्टूबर को बार एसोसिएशन सभागार में होना है राष्ट्रीय अधिवेशन**

**अधिवेशन में होना है सम्मान समारोह**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। राष्ट्रीय अंबेडकर महासभा के तत्वावधान में दीवानी कचहरी गोरखपुर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक बौद्ध अशोक यादव प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय अंबेडकर महासभा उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष ओमकार धरिया ने किया। बैठक में बतौर अतिथि के रूप में चन्द्रिका प्रसाद भारती एडवोकेट राष्ट्रीय अध्यक्ष,राष्ट्रीय अम्बेडकर महासभा उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि 29 अक्टूबर 2023 को समय-11 बजे से बार एसोसिएशन सभागार सिविल कोर्ट गोरखपुर में राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं अनुसूचित जाति,पिछड़ी जाति छात्र /छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह में सैकड़ो प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा तथा कार्यकताओं को राष्ट्रीय अंबेडकर महासभा के विचारधारा से लैस होकर संविधान बचाने के लिए आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर चंद्रिका भारती एडवोकेट ,बौद्ध अशोक यादव ,ओमकार धारिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बागपत में 98 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हरियाणा से मुजफ्फरनगर ले जा रहे थे माल, पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा**

बागपत, बागपत में सर्विलांस टीम और पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक कैंटर में 98 पेटी अवैध शराब बरामद की है। शराब हरियाणा से बागपत के रास्ते मुजफ्फरनगर ले जाए जा रही थी। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी है। पूरा मामला बड़ौत कोतवाली क्षेत्र का है। सूचना पर पुलिस और सर्विलांस की टीम ने चेकिंग अभियान चलाते हुए हरियाणा से बागपत के रास्ते मुजफ्फरनगर ले जाई जा रही शराब की बड़ी खेप को पकड़ लिया है। गिरफ्तार शराब तस्कर आकाश बरेली का रहने वाला है।

## रोड क्रॉस कर रही महिला को जेसीबी ने मारी-टक्कर, मौत

सरधना, मेरठ के मोदीपुरम में सड़क पार करते समय एक महिला को जेसीबी से टक्कर लग गई। हादसे में महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दबुथवा गांव निवासी 55 वर्षीय अनीता पत्नी कालू मोदीपुरम के पल्लवपुरम में घरों पर काम करती थीं।

# आरसीसी रोड में ठीकेदार द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार

**ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य रामभुझारत पासवान**



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत बासपार ग्राम सभा में जिला पंचायत गोरखपुर कार्यदायी संस्था द्वारा लगभग 140 मी रोड आर सीसी रोड का कार्य किया जा रहा है जो कार्य संस्था जिला पंचायत गोरखपुर के द्वारा लगभग 8 लाख 72 हजार की लागत से आरसीसी रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से मिट्टी के ऊपर ही आर सीसी की ढलाई की जा रही है और रोड के मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है वही मानक के विपरीत कार्य किया जा रहा तथा नियमो को ताख पर रख कर पूरी तरह से भ्ष्टार्चार किया जा रहा है और विभाग के जिम्मेदार पूरी तरह से मुख दर्शक बने हुए हैं इस विषय में जब जेई श्वेता यादव से बात किया गया तो उनका कहना था कि ठेकेदार द्वारा हमको कोई सूचना नहीं दी गई और उसके द्वारा मनमानी तरीके से ढलाई की जा रही है जो कि उनको कहा गया था की मौके पर जब हम आएंगे तभी ढलाई का कार्य होगी लेकिन ठेकेदार द्वारा ऐसा नहीं किया गया ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर काम को रुकवा दिया गया था तथा उसके बाद विभाग से दो कर्मचारियों को भेजा गया फिर तब जाकर ढलाई का कार्य शुरू किया गया ठेकेदार द्वारा पूरी तरह से मनमानी तरीके से रोड की ढलाई कर दी गई है जिस पर विभागीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।वही जब ग्रामीणो ने क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य रामभुझारत पासवान से इसकी शिकायत किया गया तो मौके पर पहुच कर हो रहे रोड निर्माण की जानकारी लिया और काम करा रहे लोगो को सही तथा मानक के साथ काम करने को कहा।

# प्रधानाचार्य की कुर्सी को लेकर घमासान, प्रबंधक और सहायक अध्यापक ने दी जान से मारने की धमकी

**उपस्थिति रजिस्टर को मांगने को लेकर हुआ था विवाद**

**जिविनि के आदेश के बाद भी प्रधानाचार्य की कुर्सी पर नहीं बैठने दिया जा रहा**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोरखपुर के दक्षिणांचल में स्थित जनता इंटर कॉलेज दुबौली में शनिवार को कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थिति रजिस्टर मांगे जाने पर सहायक अध्यापक व प्रबंधक पति द्वारा जाति सुचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज दुबौली शिवचंद्र द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजे गए पत्र के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक गोरखपुर कार्यालय के आदेश पत्रांक संख्या मा/2/4454/592023-24 दिनांक 26. 7. 23 द्वारा मुझे कार्यवाहक प्रधानाचार्य मानते हुए मेरे हस्ताक्षर को प्रमाणित किया गया, किंतु मुझे सहायक अध्यापक और प्रबंधक पति द्वारा प्रधानाचार्य कक्ष में प्रवेश करने नहीं दिया जाता है।

विद्यालय के सहायक अध्यापक सुरेश राम त्रिपाठी अवैध रूप से जबरदस्ती प्रधानाचार्य का कार्य देख रहे हैं तथा प्रबंधक पति सुभाष राय द्वारा दबंगई पूर्वक मुझे प्रधानाचार्य का कार्य नहीं करने दिया जा रहा है, जिसकी शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक गोरखपुर एवं जिलाधिकारी गोरखपुर को दे चुका हूं। जिसके फल स्वरुप प्रबंधक पति एवं सहायक अध्यापक को कई बार कारण बताओं नोटिस जारी है चुका है। ताजा मामला अभी 26 अगस्त का है जिसमें प्रधानाचार्य द्वारा सहायक अध्यापक से उपस्थिति रजिस्टर मांगे जाने पर विवाद हुआ। सहायक अध्यापक सुरेश राम त्रिपाठी जो अपने आप को प्रधानाचार्य मानते हैं उन्होंने रजिस्टर दिखाने से इनकार कर दिया जिसके प्रतिरोध स्वरुप विवाद हुआ और उन्होंने प्रधानाचार्य को जाति सूचक गलियों का प्रयोग किरते हुए चप्पल निकाल कर जान से मारने की धमकी दी।

इस बात की जानकारी होने पर प्रबंधक पति सुभाष राय द्वारा विद्यालय जाकर पुनः प्रधानाचार्य को जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा अगर नहीं मानोगे तो तुम्हें मैं काट डालूंगा और सारी चमरई भूल जाएगी। प्रधानाचार्य शिवचंद ने इस आशय की सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक,जिलाधिकारी गोरखपुर , मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सहित तमाम शिक्षक संगठनों को भेजा है किंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# अमरूद ने भी अब लगा दिया है फलों के बाजारों में अपना शतक

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सेव, अनार ,केला, संतरा, अंगूर आदि फलों की तरह अमरूद की भी गिनती फलों में की जाती है। अमरूद फल का दाम कम होने के नाते सभी लोगो के बजट में यह फल बहुत ही आसानी से आ जाता है। बीते 1 हफ्ते पहले इसी अमरूद का दाम बाजारों 30 रुपये से लेकर 40 रुपये किलों तक बिक रहा था और बड़ी ही आसानी से सभी के बजट में आ जाता था। वैसे भी माना जाता है कि अमरूद फल पेट के लिये ही फायदेमंद होता है। इन दिनों ट्रांसपोर्ट नगर अमरूद मंडी में फुटपाथ पर और ठेले पर दुकान लगाकर बेचने वाले दुकानदार अमरूद को 80 रुयपे किलो से 100 रुपए किलो तक बेच रहे है। जाहिर सी बात है जब यह रेट अमरूत मंडी के पास का है तो यदि कोई ठेले वाला अमरूद विक्रेता इस फल को खरीद कर शहर के किसी गली , चौक चौराहे पर पहुंचेगा। तो निश्चित रूप से ही आपको यह फल ?100 किलो मिलेगा। अमरूद बेच रहे दुकानदारों को मानना है कि इस मंडी में अमरूद की आवक कम है इसलिए इसका रेट बढ़ा हुआ है। फिरहाल अमरूद खाने के शौकीन व इसको पसंद करने वाले लोगों के लिए या बुरी खबर हो सकती है।



# एनजी पब्लिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अन्तर्गत विकास खण्ड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा कररिया में एनजी पब्लिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहनों का त्यौहार होता है। आपको बताते चलें कि आज एनजी पब्लिक स्कूल में भाई-बहनों का त्यौहार रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया है वहीं बहनों ने भाईयो के कलाई पर प्यार का डोर बांधा है। अपने रक्षा के लिए बहनों ने रक्षासूत्र बांधा और भाईयो के उज्ज्वल भविष्य का कामना भी किया। वही प्रबन्धक प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि राखी का यह पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र यानी राखी बांधती हैं। साथ ही भगवान से उनके दीघार्यु और सुखी जीवन की कामना करती हैं। वहीं भाई प्रेम रूपी इस धागे को बंधवा कर जीवन भर बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं। वही प्रधानाचार्य श्रीनिवास त्रिपाठी जी ने बताया और उन्होंने एक श्लोक भी बताया की यह पर्व भाई - बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है. भारतीय परम्पराओं का यह एक ?सा पर्व है, जो केवल भाई बहन के स्नेह के साथ साथ हर सामाजिक संबन्ध को मजबूत करता है. इस लिये यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोडने के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता है.

**'येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबल।**

**तेन त्वामभिबध्नामि रक्षे मा चल मा चल'**

उक्त अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक प्रभात श्रीवास्तव संरक्षक आशीष श्रीवास्तव प्रधानाचार्य श्रीनिवास त्रिपाठी,उत्सव श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, तन्नू श्रीवास्तव, नीलम यादव सुप्रिया, पूजा पाण्डे,रोहन वर्मा, आलोक मोर्या,सहित अभिभावक गण तथा बच्चे मौजूद रहे।

# अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में किया जलाभिषेख

**एक माह तक किया जाएगा मेले का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर कौड़ीराम में आज बड़ी संख्या में प्रातः 3 बजे से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। जहां श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में लगे विशाल मेले का आयोजन किया गया है।मेले में झूले से लेकर तमाम सिंगार और मिठाई की दुकानों के साथ प्रदर्शनी भी लगी हुई है। यह मेला एक माह तक चलता रहेगा। सिद्ध पीठ बाबा बालेश्वर नाथ शिव मंदिर बलुआ में सावन माह के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए दूर दराज से लोग यहां बड़ी संख्या में आते हैं। इस सिद्ध पीठ की मान्यता है कि जो भक्त सच्चे दिल से शिवलिंग पर जलाभिषेक करता है उसकी सारी मनोकामना पूर्ण होती हैं। व्यवस्था में लगे मंदिर पुजारी दिनेश गोस्वामी, श्रवण प्रजापति, चुन्नू दुबे, सत्यम प्रजापति, श्री राम गोस्वामी, अनुराग आदि ने बताया कि यह आयोजन बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया और श्रद्धालुओं ने बाबा बालेश्वर नाथ को जलाभिषेक कर उनसे भरपूर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# फिल्म निर्देशक सिहांसन लाल यादव ने सहजनवां शीव मन्दिर पर नारियल तोड़कर रेप क्राइम मुवी का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम तेनुआ निवासी इसी गोरखपुर के माटी में पला बढा सिहांसन लाल यादव लगभग 10 बर्ष से फिल्म जगत में अपनी एक अनोखी पहचान स्थापित करने के बाद आज समाज के अनेक कलंकित आवाज जो समाज के बिच बुलन्द हो रही है।

इसके बिपरित जागरुकता फैलाने तथा इस अंन्धे समाज को एक पिडित बाप का कष्ट क्या होता है। एक मां की अपने बच्चे के प्रति बेबसी क्या होती है। बताने के उद्देश्य से फिल्म रेप क्राइम नामक मुवी का शुभारंभ आज दिनांक 28/08/2023/ दिन सोमवार को सहजनवां मे स्थित गायत्री मंदिर परिसर मे भगवांन भोले नाथ के समक्ष नारियल तोड़कर सुटिंग आरम्भ हुई।सुटिंग आरम्भ के समय निर्देशक सिहांसन लाल यादव, निमार्ता राघवेन्द्र बर्मा, संगीत पर बिकास,तथा सुनिता, राजाभैया ,सपना, अमिता राजा श्रीवास्तव,पुजा आदि कलाकार उपस्थित रहे।

# दो महान कर्मयोगियों के विचारों का मूर्त रूप है महायोगी गोरखनाथ विवि : डॉ. जीएन सिंह

**महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह**



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का दूसरा स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। इसके साथ ही दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति सप्त दिवसीय व्याख्यानमाला का भी समापन हुआ। दूसरे स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह व महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय दो महान कर्मयोगियों ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के विचारों को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिया गया मूर्त रूप है। मात्र दो साल में इस विश्वविद्यालय ने जिस तरह कदम बढ़ाएं हैं, जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वह प्रदेश, देश ही नहीं विश्व को नई दिशा देने वाली साबित होंगी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यों और आधुनिक तकनीकी का संगम बनकर कार्य कर रहा है। डॉ सिंह ने उत्तर प्रदेश में परिवर्तन व विकास की चर्चा करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश में सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था का अंग है। नीति आयोग और विश्व बैंक के अधिकारी यहां बदलाव का अध्ययन कर विकास प्रक्रिया से अभिभूत हैं। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए प्रति कुलाधिपति, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय की स्थापना के उद्देश्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय 1932 में स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वटवृक्ष होने का प्रमाण है। 1932 में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने शैक्षिक जागरण का जो पौधा रोपा, उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने उसे पुष्पित-पल्लवित किया, उसकी कुशलता व सफलतापूर्वक देखभाल वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। यह विश्वविद्यालय दो महान कर्मयोगियों को श्रद्धांजलि स्वरूप है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि यह सिर्फ विश्वविद्यालय नहीं बल्कि समाज व राष्ट्र निर्माण का प्रकल्प है। स्थापना के अवसर पर 28 अगस्त 2021 को यहां 550 छात्र थे, आज यह संख्या रिकार्ड दर से बढ़कर 1800 से अधिक हो चुकी है। यहां अत्याधुनिक संसाधन के साथ उत्कृष्ट फैकल्टी भी है। बहुत जल्द यहां विश्व स्तरीय पंचकर्म केंद्र भी सेवा प्रदायी हो जाएगा। डॉ. वाजपेयी ने कहा कि यहां जो छात्र संसद गठित होगा वह पूरे विश्व के लिए रोल मॉडल बनेगा। वह जुलूस भी निकालेगा तो ज्ञान बढाने के लिए। इसके पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने विश्वविद्यालय की प्रगतियात्रा के साथ भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अवस्थापना, अध्ययन, अध्यापन, अध्यात्म व अनुसंधान इस विश्वविद्यालय के आधार स्तम्भ हैं। एक साल में यहां विश्व स्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी विकसित हो जाएगी। एक अभिनव प्रयोग करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन में छात्र सहभाग सुनिश्चित करने के लिए सितंबर माह में यहां छात्र संसद का चुनाव होने जा रहा है। छात्र संसद के प्रतिनिधि विश्विद्यालय प्रशासन के विभिन्न समितियों में भागीदारी करेंगे। आभार ज्ञापन गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस ने किया। इस अवसर पर सप्ताह भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय गीत के साथ समारोह का समापन हुआ।

# मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग निरंतर अग्रसर

**स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ घर-घर मरीजों को बचाव की दी जा रही जानकारियां**

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के रुसिया गांव में फैली वायरल बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग निरंतर चिंतित दिखाई दे रहा है अमौली विकासखंड के रुसिया गांव के कंपोजिट विद्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली की टीम ने छावनी बना दी है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के नेतृत्व में निरंतर प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों का उपचार तथा बचाव की जानकारियां दी जा रही हैं कल स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ मलेरिया टीम तथा चिकित्सकों ने गांव में घर-घर जाकर आम जनमानस को बीमारियों से बचाव तथा सावधानियां अवगत कराया चिकित्सकों ने बताया कि सभी लोग फुल आस्तीन के वस्त्र धारण करें ताकि डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों से बचाव किया जा सके गांव में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराऐ ताकि बीमारी बढ़ने से पहले ही उसकी रोकथाम की जाए चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन पर गांव पहुंचे चिकित्सक डॉक्टर श्याम बाबू डॉक्टर सुनील लैब टेक्नीशियन विकास कुमार एएनएम अर्चना सीएचओ दीप कुमार फार्मासिस्ट शिवम तथा गांव की आशा गिरिजा देवी की टीम ने गांव में भ्रमण करते हुए समस्त नारी पुरुष युवा बुजुर्गों को जागरूक किया वहीं कैंप में आए हुए आधा सैकड़ा से अधिक मरीजों का उपचार किया गया चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि लगाए गए शिविर में कल 64 मरीज का उपचार किया गया जिसमें बुखार के 12 खांसी जुकाम के18 चर्म रोग के 19 समेत अन्य मर्जों के मरीज निकले जिसमें आठ मरीजों का डेंगू परीक्षण किया गया जो सभी ऋणात्मक निकले इसी प्रकार विकासखंड के गांगपुर गांव का पुनः सर्वे किया गया जिसके आधार पर आज गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों का उपचार किया जाएगा चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पंपलेट इत्यादि का वितरण करते हुए चिकित्सकों ने बीमारी से बचाव करने की प्रेरणा दी

# आरटीओ ऑफिस फतेहपुर में चल रहा कारोबार

**दलालों की डील से बनते डीएल**

अमन लेखनी समाचार



औग, फतेहपुर। प्रदेश सरकार का दावा घर बैठे बनवाईये ड्राइविंग लाइसेंस का दावा करने वाली प्रदेश सरकार अधिकारियों की मॉनिटरिंग कराना भूल गई है इसीलिए ड्राइविंग लाइसेंस के नाम पर आरटीओ ऑफिस फतेहपुर में दलालों और अधिकारियों की हमेशा पौ बारह रहती है। डीएल बनवाने के लिए गए युवकों से आठ से दस हजार तक की वसूली के लिए काफी संख्या में दलाल नियुक्त हैं। जिन्हें पैसे देकर लोग डीएल बनवा रहे हैं, और जो लोग प्रदेश सरकार के दावे के अनुसार डीएल बनवाने की सोचते हैं उन्हें सारा दिन इधर उधर दौड़ा कर थका दिया जाता है लेकिन डीएल नहीं बनाया जाता है।

## ऑनलाइन आवेदन के बाद दलाल पकड़िए

सोमवार को एक ऐसा ही वाकया सामने आया है जिसे एआरटीओ पुष्पांजलि मिश्रा गौतम ने जहानाबाद विधान सभा के राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष अंशू सिंह को पूरा दिन टहलाती रहीं। डीएल के लिए आवेदन करने वाले अंशू सिंह ने अपना परिचय बताया लेकिन बार बार दलाल से मिलने के लिए दबाव डालती रहीं

## पूरा दिन बिना ट्रायल के बनते डीएल

अंशू सिंह ने बताया है कि दलालों की पत्रावली का निस्तारण पैसे का दम होता है। सारा दिन लर्निंग और स्थाई डीएल बनते रहे लेकिन ट्रायल रोड में कोई ट्रायल नही हुआ। ट्रायल रोड के कचरे को देखकर कोई भी कह सकता है कि महीनों से इसमें कोई बाइक नहीं चली है।

# खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई समीक्षा बैठक

**कायाकल्प समेत निपुण भारत मिशन के प्रति प्रधानाध्यापकों को किया प्रेरित**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी का कुशल नेतृत्व समूचे विकासखंड के शिक्षण संस्थानों को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर कर रहा है विकासखंड के मौसमी संस्कार सदन गेस्ट हाउस में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया शिक्षा क्षेत्र के सभी एआरपी शिक्षक गणों की मौजूदगी में खंड शिक्षा अधिकारी ने समूचे विकासखंड के प्रधानाध्यापको से मुखातिर होते हुए ऑपरेशन कायाकल्प निपुण भारत मिशन समेत अन्य बिंदुओं पर परिचर्चा संपन्न की खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में प्रधानाध्यापकों से कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों में कराऐ जा रहे कार्यों को एक निश्चित समय अवधि में पूरा करना होगा इसके साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था को लेकर अन्य बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों से की इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह महामंत्री दयाराम गौतम आरपी शिक्षक आशीष त्रिवेदी अमरपाल गौतम अरविंद यादव रामशंकर प्रधानाध्यापक शर्वेश अवस्थी शैलेंद्र सचान मधुसूदन सिंह नगेंद्र प्रताप सिंह प्रदीप शुक्ला कमल किशोर शिक्षक रामनाथ मयंक कटियार प्रधानाध्यापिका कीर्ति पालीवाल मनीष शुक्ला प्रतिभा देवी शिक्षिका प्रतिमा उमराव समेत समूचे विकासखंड के प्रधानाध्यापक तथा शिक्षक गण मौजूद रहे

खास समाचार

## लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में लेजर प्राक्टोस्कोपी विधि से किया गया सफल ऑपरेशन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । लखनऊ के लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में डा0 राजेश कुमार श्रीवास्तव सर्जन के नेतृत्व में हेमरायड, फि सर एवं एनो-रेक्टल फिस्टुला के सात मरीजों का लेजर प्राक्टोस्कोपी विधि से सफल आपरेशन किया गया। ज्ञात हो कि लेजर प्राक्टोस्कोपी विधि से सर्जरी की सुविधा जनपद में सिर्फ. के जी एम यू मेडिकल कालेज लखनऊ में ही उपलब्ध है, इस विधि से चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं होती है तथा रक्तस्राव भी नहीं होता है उक्त आप्रेशन हेतु लेजर प्राक्टोस्कोपी मशीन लेजोट्रानिक्स द्वारा निःशुल्क एवं एक बार प्रदर्शन हेतु उपलब्ध कराई गई ।निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय लखनऊ जिसके प्रयास से विशेष शिविर को सफल बनाया जा सका, उन्होनें बताया कि चिकित्सालय द्वारा स्थानीय मरीजों के हित में लेजर प्राक्टोस्कोपी उपकरण उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं , उन्होंने यह भी बताया कि शीघ्र ही ऐसा ही एक प्रयास अपर जी आई एंडोस्कोपी शिविर आयोजित करने किए जाने की योजना है ।

## एटीएम चोर सरगना को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद कस्बे से एटीएम चोर को क्षेत्राधिकारी बिंदकी के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक प्रशांत कटियार हमराही फोर्स के साथ जहानाबाद बस स्टैंड के पास लगे इंडिया नंबर वन एटीएम से एटीएम चोर विजय सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासी जरसेन थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके कब्जे से विभिन्न बैंक के विभिन्न नाम के कई एटीएम कार्ड तथा चोरी किए गए एटीएम कार्ड से निकाले गए रुपए तथा एक सफेद रंग की वैगन आर नं यूपी 16 ईटी 0854 बाय एंड्रॉयड वीवो मोबाइल फोन आदि बरामद हुए अभियुक्त विजय सिंह को उपरोक्त के विरुद्ध अन्य कई जनपदों में एटीएम चोरी फ्रॉड संबंधित अभियोग पंजीकृत है अभियुक्त शातिर किस्म का कुख्यात एटीएम चोर फ्रॉड है बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय को सौप दिया जिसमे अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया की अपराधी के खिलाफ अलग अलग जनपदों में कई मुकदमे पंजीकृत है जिसके पास से 6 एटीएम कार्ड, एक वैगनआर कार एक एंड्रॉयड फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चोरी किए गए 19500 रुपए बरामद किए गए है।

## पुलिस ने 212 पाउच अवैध शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

गाजीपुर। जनपद के भांवरकोल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के लोहारपुर गांव मे तस्करी के लिए डेरे के पास झाड़ियां में रखें 212 पाउच अवैध देशी टेट्रा पैक शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर इसी थाना क्षेत्र के लोहारपुर गांव का रहने वाला जितेंद्र चंद्रदीप गोड पुत्र चंद्रदीप गोड बताया जाता है ।इस संम्बंध में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह में एस आई रामअजोर यादव एवं हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि लोहरपुरा गांव के एक डेरे पर बिहार में तस्करी के लिए अवैध शराब रखी हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कुल 212 पाउच देसी टेट्रा पैक शराब बरामद किया। साथ ही मौके पर शराब तस्करी में लिप्त जितेंद्र गौङ को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर को आबकारी अधिनियम सहित वंचित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे पंजीकृत है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह एस आई रामअजोर यादव, हेड कांस्टेबल श्रीप्रकाश यादव , आकाश कुमार , संतोष कुमार और शुभम कुमार शामिल रहे।

## गांव को दैवीय आपदा से बचाने के लिए श्रद्धालुओं ने की मां काली की पूजा

गाजीपुर। जनपद के भांवरकोल क्षेत्र के कनुवान गांव में दैवीय प्रकोप तथा महामारी से बचने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में माँ काली सहित डीह बाबा व माता सायर की सोमवार को पूजा की गयी। इसको लेकर गांव में उत्साह का वातावरण बना रहा सुबह से लगाय देर शाम तक माँ काली मंदिरों में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा रहा। मंदिर परिसर में मां काली को कड़ाहियां भी चढ़ाई गई। सुबह गंगा स्नान के बाद मंगल कामना तथा सुख समृद्धि के लिए सावनी पूजा को पहुंची मां भगवती शिव पार्वती पूजा कर गांव की सुरक्षा करने वाले डीह बाबा , सायर माता की पूरे आस्था के साथ पूजा की महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला गांव में सावनी पूजा का परंपरा को कायम रखते हुए लोगों ने हजारों वर्ष से इस परंपरा का निर्वाहन आज भी उसी सेवा और आत्मभाव द्वारा किया जाता है जो अपने आप में अद्भुत और सनातन परंपरा को मजबूत करता है सोमवार को स्वच्छ वस्त्र धारण कर हाथ में कलश लेकर मां काली को धार देने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं मां काली के स्थान पर जुटी रही। महिलाओं द्वारा गीत गाये गये, महिलाओं ने घरों में तड़के मां काली की पूड़ी व गुलवरा से पूजन-अर्चन मंगलकामना की। तत्पश्चात देवी मंदिरों में धार चढ़ाया। सामूहिक पूजन के दौरान मां को नारियल, खप्पर, चुनरी चढ़ाया गया। गांवों को महामारी से बचाने के लिए काली मां के पुजारी ( पंथी ) ने श्रद्धालुओं संग काली मां की परिक्रमा गाजे बाजे के साथ पूरे परिसर में जुलूस निकाली गई जहां बीच-बीच में मां काली का जयकारा लगाते रहे। जिससे पुरे क्षेत्र का महौल भक्तिमय हो गया। बाद में पंडितों के द्वारा मंत्रोचार के साथ हवन-पूजन , आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया शाम को पूरे कनुवान गांव के ब्राह्मणों को भोजन कराने की परंपरा काफी दिनों से चली आ रही है ।

## अवैध पिस्टल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जगदीशपुर अमेठी । पुलिस ने चेकिग के दौरान एक सन्दिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसके पास एक अवैध पिस्टल चार जिंदा कारतूस बरामद कर जेल भेजा। कोतवाली क्षेत्र के आयोध्या रायवरेली रोड स्थित निहालगढ रेलवे क्रासिंग के निकट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान आ रहे संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया जो मौका पाकर भागने के फिराक में था जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया इस सम्बंध में कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि पकडे गए अभियुक्त के पास से एक अवैध पिस्टल व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है वही पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम सहावुद्दीन निवासी जाफरगंज नियावा थाना कमरौली बताया है पकडे गए अभियुक्त पर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है

## आधार लिंक करने हेतु विशेष कैंप का आयोजन आज

अमेठी। जिला पूर्ति अधिकारी निलेश उत्पल ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार से लिंक किए जाने के संबंध में जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कमजोर वर्ग के 163939 परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं जिसमें आइओसीएल के 6310, बीपीसीएल के 6176, तथा एचपीसीएल के 2110 कुल 14596 लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक करना अवशेष है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुद्धता एवं पारदर्शिता के दृष्टिकोण से यह अत्यंत आवश्यक है कि बीसीटीसी लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार से लिंक कराया जाए जिससे कि सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी का लाभ सीधे उपभोक्ताओं के खातों में पारदर्शी तौर पर अंतरित किया जा सके तथा वास्तविक लाभार्थी को ही उक्त सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो।

# गैस एसिडिटी से राहत दिलाएं योग - अल्का सिंह योग विशेषज्ञ

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। एसिडिटी या गैस की समस्या पाचन से जुड़ी एक आम समस्या है। ऐसा तब होता है जब पेट अतिरिक्त एसिड का उत्पादन करता है। आम तौर पर, पेट में एसिड का उत्पादन भोजन को तोड़कर पचाने के लिए होता है लेकिन कभी-कभी पेट में एसिड का अतिरिक्त स्त्राव होता है जिसके कारण पेट में गैस बनने की समस्या होती है।

एसिडिटी होने का एक संभावित कारण खाना खाने के तुरंत बाद आराम करना या सो जाना भी हो सकता है। अधिक मसालेदार, ऑयली भोजन करना भी एसिडिटी का कारण बन सकता है। जीवन में अतिरिक्त तनाव होने के साथ-साथ ये सभी आदतें भी एसिडिटी के बढ़ने का कारण बनती हैं। एसिडिटी और पेट गैस के लिए योग एसिडिटी के कारण पेट में बेचौनी, असहजता और अत्यधिक जलन हो सकती है। इस समस्या के दौरान आप ना सही से खा पाते हैं और ना ही खाना सही से पच रहा होता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि योग आपको इस समस्या से निपटने में मदद कर सकता है। हम यहां ऐसे ही कुछ योगासन बता रहे हैं तो गैस और एसिडिटी की समस्या से राहत दिलाते हैं-

### पवन मुक्तासनः

पवन मुक्तासन का नियमित अभ्यास बोवेल मूवमेंट्स को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। यह आसन पेट की मांसपेशियों और पूरे एब्डोमेन एरिया को स्ट्रेच करने में मदद करता है। भोजन को सही तरीके से पचाने में मदद करने के अलावा यह डाइजेस्टिव सिस्टम से टॉक्सिन्स को भी बाहर निकालने में मदद करता है।

### अर्धमत्स्येन्द्रासन

अर्धमत्स्येन्द्रासन शरीर को ट्विस्ट करना डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए सबसे अच्छा डिटॉक्स है। यह टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है और रक्त संचार को बढ़ाता है।



साथ ही यह आपके पाचन तंत्र में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाता है और एसिडिटी को कम करता है। बाला सन बालासन एक रेस्टिंग पोज है। यह पाचन प्रणाली को आराम देता है और एसिडिटी से राहत देने में मदद करता है। जब आप इस आसन में होते हैं, तो आपके पेट के अंगों को स्ट्रेच करने में मदद मिलती है और ये मजबूत होते हैं। बालासन तनाव और थकान को कम करके कूल्हों, जांघों और टखनों को स्ट्रेच करता है।

### पश्चिमोत्तानासन

पश्चिमोत्तानासन या फॉरवर्ड बेंड पोज पेट के अंगों को स्वस्थ रखने के लिए एक लाभकारी योगासन है। यह मुद्रा न केवल अंगों को ठीक तरह से काम करने और पाचन समस्याओं का इलाज करने में मदद करती है बल्कि मासिक धर्म चक्र को भी विनियमित करने में कारगर है। इसके नियमित अभ्यास से आपको टमी फैट को कम करने में भी मदद मिल सकती हैं। यह आसन कमर, कूल्हे, बाजू, कंधों और एब्डोमेन एरिया को स्ट्रेच करके ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ाता है।

### वज्रासन

वज्रासन पेट गैस की समस्या को दूर लिए योगासन मे प्रमुख हैं। यह आसन पेट और आंत में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है और भोजन को प्रभावी ढंग से पचाने में मदद करता है जिससे एसिडिटी, गैस और अपच जैसी समस्याएं नहीं होती। अगर आपका डाइजेस्टिव सिस्टम कमजोर है, तो इस आसन का अभ्यास आपको हर रोज करना चाहिए। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में भी मदद करता है।

कपालभाति प्राणायाम यह प्राणायाम मोटापा, पेट से जुड़ी समस्या, पाचन विकार और पेट से संबंधित कई अन्य विकारों को ठीक करने के लिए अच्छा है। इसमें आप अपनी ब्रीदिंग और इंद्रियों पर फोकस करते हैं। यह प्राणायाम शरीर को शांत करता है और पाचन मे सुधार करता है। अंततः निष्कर्ष यह निकलता है कि यदि नियमित योग के इन आसनों का अभ्यास किया जाए तो गैस एसिडिटी पेट की सभी समस्याओं से निजात मिल सकती है और शरीर स्वस्थ बनाया जा सकता है इसलिए रोज करें योग स्वस्थ रहें मस्त रहें खुश रहें।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एंबिशन ई लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर, नवयुग में जागरूक समाज के युवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में एंबिशन ई लाइब्रेरी का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया कस्बे में स्थापित बड़ौदा बैंक के ठीक सामने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ई लाइब्रेरी के संरक्षक रघुवीर प्रजापति सूबेदार के द्वारा फीता काटकर किया गया वहीं संस्था के प्रधान संचालक राज प्रजापति ने बताया की संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी विद्यार्थियों को ई लाइब्रेरी की सुविधा सायं कालीन बेला में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी एक निर्धारित शुल्क के अंतर्गत विद्यार्थियों को समुचित रूप से एकांत वातावरण में ऑनलाइन अध्ययन करने का कस्बे में एकमात्र शिक्षण संस्थान खोला गया संस्था के डायरेक्टर राज प्रजापति ने आए हुए भारी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया

# लाखों की कीमत की चोरी हुई सरिया बरामद, नगदी सहित 04 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 27 अगस्त को निरीक्षक विवेक कुमार सिंह थाना जामो मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन, तलाश वांछित/वारण्टी क्षेत्र में मौजूद थे कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक हरे रंग के बिना नंबर के टैक्टर-ट्राली पर तीन व्यक्ति चोरी की सरिया लेकर भीखीपुर बरौलिया की तरफ आ रहे हैं ।



मुखबिर की उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बरौलिया चौराहे के पास सघनता से चेकिंग की जाने लगी तभी मवई से गोरियाबाद चौराहे की तरफ नहर पटरी पर की तरफ से एक ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो ट्रैक्टर पर बैठे व्यक्ति भागने लगे कि पुलिस टीम द्वारा घेर कर हिकमतअमली से पकड़ लिया गया ।पूछने पर एक ने अपना नाम शिवम सिंह उर्फ मोनू सिंह पुत्र शैलेन्द्र प्रताप सिंह नि0 अमरबोझ मजरे बरौलिया थाना जामो जनपद अमेठी बताया जिसकी तलाशी से कब्जे से 80 हजार रुपए नगद, दूसरे ने अपना नाम शिव विवेक सिंह पुत्र स्व0 शिवराम सिंह नि0 बरौलिया थाना जामो जनपद अमेठी बताया तलाशी से कब्जे से 48 हजार रुपए नगद, तीसरे ने अपना नाम कैलाश नाथ तिवारी उर्फ अनुज तिवारी पुत्र हरिकेश तिवारी नि0 ग्राम उतेलवा रोड नं0 4 थाना कमरौली जनपद अमेठी बताया जिसकी तलाशी से कब्जे से 4 हजार रुपए नगद बरामद हुआ ।चौथे व्यक्ति सतीश यादव को ग्राम अतरवा मजरे को उसके घर के पास चोरी की सरिया छिपाते हुए समय करीब 10.05 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।मौके से अभियुक्त के कब्जे से 10 कुन्तल सरिया व तलाशी से 32 हजार रुपए नगद बरामद हुआ ।ट्रैक्टर व ट्राली पर लदे सरिया व बरामद रूपयों के बारे में पूछने पर शिवम सिंह व शिव विवेक सिंह ने बताया कि उक्त सरिया चोरी की है व बरामद रुपए चोरी की सरिया की बिक्री से प्राप्त है तथा यह भी बताया कि 18 अगस्त को ट्रक संख्या यूपी 44 टी 6023 में ट्रक ड्राइवर रामजी उपाध्याय पुत्र गोमती प्रसाद उपाध्याय नि0 पूरे मोती थाना जामो जनपद अमेठी ट्रक में चोरी की सरिया लादकर लाया था, जो सतीश यादव पुत्र बब्बन यादव नि0 अतरवा मजरे भोंये थाना जामो जनपद अमेठी के साथ ले आकर बेंच रहे थे, उसी से हम लोग खरीदे थे ।

ट्रैक्टर ट्राली पर लदी सरिया चोरी की है जिसे कैलाश नाथ तिवारी उर्फ अनुज तिवारी ने खरीदा है ।शिवम सिंह ने बताया कि बिक्री के बाद भी हमारे व अनिल कुमार सिंह के गोदाम व सतीश यादव के घर पर चोरी की सरिया रखी है ।गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर ग्राम अमर बोझ शिवम सिंह के गोदाम से कुल 38 कुन्तल सरिया, अनिल कुमार उर्फ रिंकू सिंह के गोदाम से 30 कुन्तल सरिया, सतीश यादव के घर से कुल 30 कुन्तल सरिया व ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी कुल 21 कुन्तल बरामद हुई ।उक्त सरिया चोरी के संबन्ध में थाना चिनहट कमिश्नरेट लखनऊ में अभियोग पंजीकृत है । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## ग्राम प्रधान एवं सचिव मिलकर लगा रहे है शासन की योजनाओं को पलीता

ग्राम में मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। तहसील गरौठा विकासखंड बामौर अंतर्गत ग्राम खरवांच में ग्राम प्रधान एवं सचिव की मिली भगत से सरकारी योजनाओं का लाखों रुपए बंदर बांट किया जा रहा है ।उत्तर प्रदेश में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायत में स्थाई एवं अस्थाई गौशालाएं बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया परन्तु लालची एवं भ्रष्ट लोगो की वजह से ज्यादातर ग्रामो में स्थिति जस की तस बनी हुई है। सैकड़ो अन्ना जानवर सड़कों पर नजर आते हैं। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत खरवांच का है जहां पर सूनी पड़ी गौशाला दशार्ती है की वहां के ग्राम प्रधान एवं सचिव गौशाला के प्रति अपना फर्ज किस



प्रकार निभा रहे हैं ।दबंग ग्राम प्रधान से डरे सहमें ग्रामीणों ने बताया कि हमारे ग्राम में गौशाला में बहुत अनियमितताएं हो रही हैं जिसकी वजह से किसान परेशान है। अधिकारियो से शिकायत करने पर ग्राम प्रधान धमकी देता है ।जिसके बाद कुछ मीडिया कर्मियों ने मौके पर जाकर हकीकत देखी तो गौशाला में न तो गोवंश नजर आ रहे हैं न ही वहां भूसा, पानी की व्यवस्था कहीं नजर आ रही है। गौशाला मात्र कागजों पर सिमट कर रह गयी है। गौवंश खुले आम घूमकर ग्राम वासियों के खेतों की फसल उजाड़ देते हैं जिसकी वजह से ग्राम वासियों को रात दिन अपने खेत की रखवाली करनी पड़ती है ।गांव में साफ सफाई की व्यवस्था भी कहीं नजर नहीं आ रही सरकारी विद्यालय के पीछे कूड़ा करकट के ढेर लगे हुए हैं रास्ते में पानी भरा हुआ है जिसकी वजह से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीमार होने का खतरा हमेशा बना रहता है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत की जमीन पर होने वाले अवैध खनन में भी शामिल है और सरकार को लाखो रुपए के राजस्व की क्षति पंहुचाकर अपनी जेब भर रहा है। अभी तक वर्तमान प्रधान ने अपने कार्यकाल में कागजो पर क्या-क्या विकास कार्य करवाने के लिए कितना पैसा निकाला है तथा धरातल पर कितना कार्य हुआ है इसकी निष्पक्ष जांच करवायी जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिला क्रीड़ा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2023 के शुभ अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, थानाध्यक्ष कोतवाली अमेठी अरुण द्विवेदी तथा आनंद बिहारी श्रीवास्तव क्रीड़ा अधिकारी अमेठी द्वारा जिला स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी व जूनियर बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया, जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता हेतु 14 तथा फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु 8 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर शमीम अहमद, मो0 मुशर्रफ खां एवं दर्शक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों पर की गई वृहद परिचर्चा

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के खादी ग्रामोद्योग हथकरघा विभाग राज्य मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई समीक्षा बैठक करते हुए कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने जनपद के विकास कार्य जैसे प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री संदर्भित शिकायत सामुदायिक शौचालय केंद्र कायाकल्प योजना खादी तथा ग्रामोद्योग रोजगार मेला मुख्यमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना कन्या सुमंगला योजना आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन समेत आधा सैकड़ा कार्यों की बिंदुवार परिचर्चा की बैठक में जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य पर्यटन अधिकारी जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता अनुपस्थित रहे जिनके संदर्भ में कैबिनेट मंत्री ने स्पष्टीकरण की मांग की इसके साथ-साथ जनपद में वर्तमान सरकार की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को केंद्रीय मंत्री ने प्रेरित किया इस मौके पर जनपद की जिलाधिकारी श्रुति पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सेमत अन्य विभागीय अधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री समेत जनपद के कई विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को तुलसी का वृक्ष तथा अन्नपूर्णा टोकरी आदि देकर सम्मानित किया इस मौके पर जनपद की खागा विधानसभा की विधायिका कृष्णा पासवान जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा अपर जिला अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह जनपद की सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे

## अंतिम सोमवार में भगवान भोलेनाथ के श्रृंगार के लिए उमड़ा जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, जनपद के चारों ओर क्षेत्र में विराजमान भगवान शंकर की शिवलिंग में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भक्तों ने जलाभिषेक करते हुए भव्य श्रृंगार किया जनपद के सदर क्षेत्र में विराजमान तांबेश्वर महादेव थवई गांव में विराजमान थवईश्वर अरगल के अरगलेस्वर चांदपुर के गूढेश्वर अखंड धाम में प्रातः काल से देर रात्रि तक भक्तों का जन सैलाब दिखाई पड़ा इसी प्रकार जहानाबाद के राजराजेश्वर धाम में भक्तों ने सायंकाल भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार करते हुए जयकारों से परिसर गुंजायमान कर दिया समूचे प्रांगण में जगह-जगह भंडारा पंचामृत बूंदी केला फल मिष्ठान आदि का वितरण देर रात्रि तक चलता रहा वही कतारबद्ध खड़े होकर भक्तों ने भगवान राजराजेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया इसी प्रकार अमौली विकासखंड कस्बे में विराजमान मल्लिकार्जुन धाम (चौबेताला) में विशाल रुद्राभिषेक तथा भण्डारा का कार्यक्रम संपन्न हुआ वहीं कस्बे के बाबा बैजनाथ धाम में भी



विगत सप्ताह की भांति अंतिम सोमवार को भव्य श्रृंगार किया गया सभी ऐतिहासिक स्थलों में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन पर स्थानीय थाना प्रशासन चप्पे चप्पे पर मौजूद रहा भक्तों ने दर्शन के पश्चात ऐतिहासिक स्थलों पर लगे मेले का भी लुफ्त उठाया अंतिम सोमवार को जनपद में लाखों भक्तों ने दर्शन प्राप्त किया

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# जवान का गाना नॉट रमैया वस्तावैया रिलीज

**मुंबई।** एक्टर शाहरुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जवान को लेकर चर्चा में हैं। फैंस को उनकी इस फिल्म का सिनेमाघरों में रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। बीते दिनों फिल्म के प्रीव्यू को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। वहीं, लोगों को अब उनकी इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज का इंतजार है। इस बीच शाहरुख खान की जवान का एक नया गाना रिलीज हुआ है, जो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। शाहरुख ने अपने इंस्टाग्राम पर नए गाने का एक वीडियो शेयर किया है। यह उनके नए नॉट रमैया वस्तावैया का टीजर है। इस गाने में शाहरुख जबरदस्त अंदाज में नजर आ रहे हैं।

लाइफStyle

# कियारा

## कम नॉलेज की वजह से हुईं ट्रोल का शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में कई सिलेब्स अपने कम ज्ञान की वजह से कई बार बहुत ट्रोल हो चुके हैं। इनमें आलिया भट्ट से लेकर करीना कपूर, अनन्या पांडे जैसी बड़ी-बड़ी हस्तियों का नाम लिया जाता है। लेकिन अब इस लिस्ट में यूजर्स ने कियारा आडवाणी का नाम भी शामिल कर दिया है।

एक्ट्रेस साउथ इंडिया के पांच राज्यों के नाम नहीं गिना पाईं। अब यह थ्रोबैक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कियारा ने महेश बाबू की 2018 में रिलीज हुई मूवी 'भारत अने नेनु' से तेलुगु में अपनी शुरुआत की। बाद में उन्होंने राम चरण की 'विनय विद्या राम' के साथ काम किया, जो बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई। यह क्लिप फिल्म की रिलीज से पहले एक प्रमोशनल इवेंट का है। इस क्लिप में राणा दग्गुबाती हैं, जो साउथ इंडिया के फेमस एक्टर रामचरण और बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी का इंटरव्यू ले रहे हैं। राणा उनसे ही सवाल पूछ लेते हैं कि उन्हें साउथ के चार राज्य और चारों भाषाओं के बारे में पता होगा? कियारा हंसने लगती हैं तो रामचरण जानबूझकर उनसे पूछते हैं कि कौन-कौन से राज्य हैं? इस पर कियारा, राम से कहती हैं कि वो हमेशा उनके साथ ऐसे ही करते हैं। बस रामचरण समझ जाते हैं कि उन्हें नहीं पता और वो हंसने लगते हैं। उनके साथ राणा भी हंसने लग जाते हैं। लेकिन तभी कियारा कहती हैं कि उन्हें पता है। और वो बहुत स्ट्रगल करते हुए तेलंगाना का नाम लेती हैं। फिर वो हिचकते हुए आंध्र प्रदेश और कर्नाटक बोलती हैं। चौथा नाम उन्हें याद नहीं आता तो राणा उनसे पूछते हैं, 'तमिल (भाषा) कहां से है?'



हॉलीवुड मसाला



# 23 साल छोटी मॉडल से कर रहे डेट

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को एक नई मॉडल के साथ देखा जा रहा है। वह उनसे 23 साल छोटी हैं। चर्चा है कि ये हैं एक्टर की नई गर्लफ्रेंड। रिपोर्ट के मुताबिक, लियोनार्डो को कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में मॉडल विटोरिया सेरेटी के साथ देखा गया, जो एक-दूसरे की कंपनी में काफी खुश दिख रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे थे। उसके पास आइसक्रीम और आइस्ड कॉफ़ी थी। दोनों कैजुअल लेकिन स्टाइलिश लुक में थे।



# जेनिफर ने मनाई शादी की पहली एनिवर्सरी...

**लॉस एंजलिस।** हॉलीवुड के पावर कपल जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी को एक साल पूरा हो गया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार ने इंस्टाग्राम पर शादी की कुछ अनदेखी तस्वीरें साझा कीं। साथ ही पति के लिए एक प्यार भरा कैप्शन भी लिखा है। हालांकि जेनिफर और एफ्लेक ने 17 जुलाई 2022 को लास वेगास में अंतरंग लिटिल व्हाइट वेडिंग चैपल में प्रतिज्ञा का आदान-प्रदान किया, लेकिन उन्होंने 20 अगस्त, 2022 को जॉर्जिया के राइज़बोरो में गॉन गर्ल स्टार के निवास पर शादी की, जिसकी पुष्टि हो गई। इस खास दिन पर जेनिफर ने अपने पति के प्रति अपना प्यार जताया और कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर कीं।



# अदा खरीदने जा रही सुशांत का फ्लैट

**मुंबई।** द केरल स्टोरी की एक्ट्रेस अदा शर्मा ने दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का घर खरीद लिया है। दरअसल, सुशांत सिंह राजपूत का घर एक्टर की मौत के बाद से खाली पड़ा हुआ था और उन्हें कोई भी खरीदार नहीं मिल रहा था। वहीं, अदा शर्मा के फ्लैट खरीदने की खबरों के बीच एक्ट्रेस हाल ही में उनकी बिल्डिंग के बाहर स्पॉट की गई हैं और उन्होंने फ्लैट खरीदने को लेकर रिएक्ट किया है। इस वीडियो में अदा शर्मा सुशांत सिंह राजपूत के घर से बाहर आते हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस से इस बीच पैपराजी ने घर खरीदने को लेकर सवाल किया है कि क्या आपने घर खरीद लिया है। इसपर एक्ट्रेस ने पैपराजी को जवाब देते हुए कहा कि जो भी होगा मैं सबसे पहले आप लोगों को बताऊंगी, मैं प्रॉमिस करती हूं, जो भी होगा मैं आप लोगों का मुंह मीठा करूंगी, अगर कुछ होता है तो।



# सीरियल किलर बनने से किया मना...

**मुंबई।** एक्टर विजय वर्मा को अपनी असल पहचान नेगेटिव रोल से ही मिली है। एक्टर ने एक के बाद एक कई मूवी और वेब सीरीज में विलेन का किरदार निभाया है। विजय की एक्टिंग का हर कोई दीवाना है लेकिन अब लगता है कि इन सब कैरेक्टर्स से उनका मन भर गया है। फिल्म 'डार्लिंग्स' में एक सख्त पति और 'दहाड़' में सीरियल किलर बनकर उनकी किस्मत चमक गई है। इन रोल्स को करने के बाद विजय वर्मा को एक के बाद एक कई ऑफर्स आ रहे हैं। इसके बाद भी हैरानी की बात तो ये है कि सभी ऑफर्स उन्हें सीरियल किलर के रोल के लिए मिल रहे हैं, जिससे तंग आकर एक्टर ने सभी रोल्स को करने से मना कर दिया है।

टीवी मसाला

# प्रियंका की लगी लॉटरी, बॉलीवुड एक्टर के साथ बनने वाली है जोड़ी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी की अब लॉटरी लग गई है। उडारियां और बिग बॉस से फेम हासिल करने के बाद उन्हें धड़ाधड़ प्रोजेक्ट्स मिल रहे हैं।



एक्ट्रेस अब तक कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। वहीं, अब उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। जल्द ही प्रियंका चाहर चौधरी एक बड़े बॉलीवुड एक्टर के साथ स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आने वाली हैं। प्रियंका चाहर चौधरी को बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा के साथ ऑन स्क्रीन इश्क फरमाने का चांस मिला है। यानी जल्द ही अब वो रणदीप हुड्डा के अपोजिट नजर आएंगी। बता दें, इस फ्रेश जोड़ी को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इसी बीच अब इनके नए प्रोजेक्ट को लेकर कई डिटेल्स सामने आ गई हैं। साथ ही रणदीप और प्रियंका के प्रोजेक्ट से उनका फर्स्ट लुक भी रिवील हो गया है।

## टोनी को डेट कर रही मनीषा?

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एल्विश यादव ने मनीषा रानी से बात की। यहां उन्होंने उनसे टोनी कक्कड़ को डेट करने को लेकर सवाल पूछा। एल्विश ने मनीषा से कहा कि तुम्हें याद है हमने बिग बॉस हाउस में एक वेब सीरीज बनाने के बारे में प्लान किया था। क्या आपको लगता है कि हमें ये अभी करना चाहिए? अब जब आप स्टार बन गई हैं, तो आपकी फीस भी बढ़ गई होगी। इस पर मनीषा ने कहा कि सितंबर में वेब सीरीज की प्लान बनाते हैं, क्योंकि अभी सिंगर टोनी कक्कड़ के साथ मेरे एलबम के लिए मेरी शूटिंग बाकी है। जैसी मनीषा टोनी कक्कड़ का जिक्र करती हैं, वैसे ही एल्विश उनसे बोलते है कि क्या वो टोनी को डेट कर रही हैं?



# गदर-2 की धुआंधार कमाई जारी छुआ 430 करोड़ का आंकड़ा

*मुंबई। 'गदर 2' लगातार थिएटर्स में धुआंधार कमाई कर रही है। 11 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म ने सिर्फ 8 ही दिन में 300 करोड़ का पहाड़ जैसा आंकड़ा पार कर लिया था और 12 दिन में इसकी कमाई 400 करोड़ के पार जा चुकी थी। अब 16 ही दिन की कमाई से 'गदर 2' ने एक और बहुत बड़ा रिकॉर्ड पार कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के शुरूआती अनुमान बताते हैं कि 'गदर 2' ने 16वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 12 से 13 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही 16 दिन में सनी की फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 438 करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच गया है।*



# ड्रीम गर्ल-2 ने दूसरे दिन पकड़ी रफ्तार..

**मुंबई।** 25 अगस्त को आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई है। इसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। तभी तो केवल 2 दिनों में फिल्म 25 करोड़ का आंकड़ा पार करने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 ने बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन 14.02 करोड़ की कमाई की है, जिसके बाद फिल्म का कलेकशन 24.69 करोड़ हो गया है। वहीं 25 करोड़ का आंकड़ा इस वीकेंड पर फिल्म पार कर लेगी क्योंकि पहले दिन 10.69 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है, जो कि दूसरे दिन बढ़ गया था। गदर 2 की बात करें तो सनी देओल की फिल्म ने 16वें दिन यानी शनिवार को केवल 12.50 करोड़ की कमाई की है, जो कि ड्रीम गर्ल 2 के मुकाबले कम है। हालांकि 16 दिन और दो दिन का फासला देखा जाए तो गदर 2 बहुत अच्छी कमाई कर रही है।



# कृति मनाएंगी मिमी की टीम के साथ जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेसेस कृति सेनन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का अवार्ड जीता। कृति को 'मिमी' में एक सरोगेट मां के किरदार के लिए अवॉर्ड मिला। अब खबर है कि कृति मिमी की टीम से नेशनल अवार्ड का जश्न मनाएगी। इससे पहले उन्होंने कृति अपने परिवार के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने पहुंची। भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के बाद, वह पपाराजी को प्रसाद बांटते हुए देखी गईं। बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने के बाद कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, एक्साइटेड, ब्लेस्ड, आभारी। अभी भी यकीन नहीं कर पा रही हूं। खुद को चिकोटी काट रही हूं। यह सच में हुआ है। मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय पुरस्कार। जूरी को धन्यवाद, जिन्होंने मेरी परफॉर्मेंस को सबसे बड़े पुरस्कार के योग्य समझा। यही तो मेरी दुनिया है। मुझ पर और मेरी क्षमता पर विश्वास करने के लिए, हमेशा मेरे साथ खड़े रहने के लिए और मुझे एक ऐसी फिल्म देने के लिए मैं आपको कितना भी धन्यवाद दूं, कम है। लक्ष्मण सर, आप हमेशा मुझसे कहते थे 'मिमी', देखना आपको इस फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। मिल गया सर! और मैं आपके बिना यह नहीं कर पाती।



## दूसरे पार्ट ने कर दी नोटों की बारिश, निर्माता-निर्देशक हुए मालामाल

# फिल्मों का पहला पार्ट हिट, सीक्वल ने कमाए करोड़ों

**मुंबई।** आज के दौर में फिल्मों के सीक्वल आना शुरू हो गए हैं। कुछ ऐसे डायरेक्टर्स ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी पहली फिल्म रिलीज की और किस्मत से वह सुपरहिट हो गई। इसके बाद सीक्वल बनाने का एक आइडिया चमका और दूसरे पार्ट से लोगों का दिल जीत लिया। इतना ही नहीं इन डायरेक्टर्स ने दूसरा पार्ट बनाकर बॉक्स ऑफिस पर नोटों की बारिश करा दी। बॉलीवुड की ऐसी ही 5 फिल्में हैं जिनके दूसरे पार्ट ने भी रिकॉर्ड कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया।

### इश्किया की सीक्वल डेढ़ इश्किया

माधुरी दीक्षित, नसीरुद्दीन शाह, अरशद वारसी और हुमा कुरेशी स्टारर फिल्म डेढ़ इश्किया साल 2014 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर अभिषेक चौबे की ये फिल्म 2010 में रिलीज हुई इश्किया का सीक्वल थी। इस सीक्वल फिल्म में माधुरी दीक्षित और हुमा कुरेशी की कैमिस्ट्री रही। फिल्म में विजय राज ने भी अपनी एक्टिंग का तड़का लगाकर फिल्म को मजेदार कर दिया था। फिल्म के गाने 6भी लोगों को काफी पसंद आए थे।

### कमाई में धूम -2 ने मारी बाजी

डायरेक्टर संजय गधवी की फिल्म धूम-2 साल 2006 में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय लीड रोल में नजर आए थे। धूम फिल्म के इस सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल कर दिया था। महज 42 करोड़ रुपयों से बनी इस फिल्म ने 113 करोड़ रुपयों की कमाई पूरे देश में की थी। फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई 151 करोड़ रुपयों से भी ज्यादा रही थी।



### एक था टाइगर का पार्ट- 2 टाइगर जिंदा है...

साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर जिंदा है' सलमान खान और कैटरीना कैफ के करियर की एक बेहतरीन फिल्म है। ये फिल्म भी 'एक था टाइगर' का सीक्वल थी। फिल्म ने भारत में 210 करोड़ रुपयों का कलेक्शन कर बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिया था। अब इस फिल्म का तीसरा पार्ट भी जल्द ही रिलीज होने वाला है। इस साल दीवाली पर 'टाइगर-3' रिलीज होगी। साथ ही इससे अच्छी कमाई की उम्मीद की जा रही है।

### ओएमजी- 2 ...

डायरेक्टर अमित राय की फिल्म ओएमजी-2 बीते 11 अगस्त को रिलीज हुई थी। गदर-2 के साथ टकराने वाली फिल्म भी 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। ये फिल्म भी ओएमजी का सीक्वल थी। इस फिल्म ने अब तक सिनेमाघरों में ही 113 करोड़ रुपयों की कमाई कर रिकॉर्ड बना दिया है और कमाई करने में लगी हुई है। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अक्षय कुमार और यामी गौतम लीड किरदारों में नजर आ रहे हैं।



### डॉन-2 और उसके बाद डॉन- 3

डॉन फिल्म की कहानी इतनी दिलचस्प है कि इसे तीन पीढ़ियों ने देखा है। सबसे पहले अमिताभ बच्चन ने पर्दे पर डॉन बनकर खूब नाम कमाया। इसके बाद शाहरुख खान डॉन बने तो लोगों ने पर्दे पर खूब तालियां पीटीं। इसके बाद फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर ने साल 2011 में इसका दूसरा पार्ट भी रिलीज कर दिया। इस फिल्म में भी शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा नजर आए। महज 76 करोड़ रुपयों के बजट से बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया। अब डॉन-3 की तैयारी भी जमकर चल रही है जिसमें रणबीर सिंह मुख्य रोल निभाएंगे।